डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमा-सिर्फ पत्नी को मिल रही ICU में एंट्री

वर्ष -08 अंक -152 | प्रयागराज, सोमवार 29, अगस्त, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### नवी मुंबई हवाई अड्डे के पास इमारतों की ऊंचाई में छूट अवैध कैसे

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा सवाल मुख्य न्यायाधीश दत्ता ने कहा कि हमारे लिए सबसे मजेदार बात यह है कि हवाईअड्डा बनना अभी बाकी है, लेकिन इमारतें पहले बन रही हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को याचिकाकर्ताओं से पूछा कि प्रस्तावित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास की इमारतों के लिए ऊंचाई प्रतिबंधों में ढील देने का भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का निणन्य अवैध और कानून का उल्लंघन कैसे है मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता यशवंत शेनॉय से पूछा कि आपने जो दलीलें दी हैं यह कागज पर की गई किसी भी याचिका का पता लगाने में विफल रहा है। हवाईअड्डा बनना अभी बाकी है, लेकिन इमारतें पहले बन रहीं अदालत को यह भी आश्चर्य हुआ कि हवाई अड्डे (नवी मुंबई) के निर्माण से पहले ही भवनों को निर्माण के लिए मंजूरी दे दी गई है। मुख्य न्यायाधीश दत्ता ने कहा कि हमारे लिए सबसे मजेदार बात यह है कि हवाईअड्डा बनना अभी बाकी है, लेकिन इमारतें पहले बन रही हैं। आदर्श रूप से, हवाईअड्डा पहले और फिर इमारतें बननी चाहिए।

## नेपाली गोरखाओं में 'अग्निपथ' को लेकर मचा बवाल, आईएसआई की 'बैठक' का खुला राज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** काठमांडो में नेपाल के विदेश मंत्री नारायण खड़का और भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव की बातचीत हुई है। नेपाल में कई राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर आवाज उठाई है। उनका कहना है कि भारत को सेना भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करने से पहले नेपाल से बातचीत करनी चाहिए थी...भारतीय सेना में भर्ती के लिए शुरू की गई 'अगिन्पथ' योजना को लेकर नेपाल में सहमति नहीं बन पा रही है। भारत ने नेपाल सरकार को सूचित किया था कि वह 25 अगस्त को 'बुटवल' और एक सितंबर को 'धरान' में गोरखा सैनिकों की भर्ती करना चाहती है। नेपाल सरकार ने अभी इस पर कोई जवाब नहीं दिया है। गत माह काठमांडो में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' के ऑपरेटिव मोहम्मद रक्साना नूर्ति द्वारा पाकिस्तानी दूतावास में भारतीय सेना से रिटायर्ड ऐसे पूर्व अधिकारी, जो नेपाल में रह रहे थे, की एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक का एजेंडा, 'अगिन्पथ' को लेकर नेपाली युवाओं में गलत संदेश देना था। गोरखाओं को बतौर 'अगिन्वीर' भर्ती होने से रोकना था। अब भारतीय सेना में 'गोरखा' भर्ती को लेकर पेंच फंस गया है। हालांकि गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, लंबे समय से नेपाली युवाओं की भारतीय सेना में भर्ती हो रही है। आगे भी 'अगिन्पथ' योजना के तहत नेपाली युवाओं को भर्ती किया जाएगा। भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में ब्रिटिश शासन के बाद से ही भर्ती होती रही है। अब 'अगिन्वीर' योजना को लेकर नेपाल सरकार कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रही है। 'बुटवल' में गोरखा जवानों की भर्ती पर रोक लग गई है। इस मामले में दोनों देशों के बीच कोई सर्वमान्य हल निकालने का प्रयास हो रहा है। काठमांडो में नेपाल के विदेश मंत्री नारायण खड़का और भारतीय



राजदूत नवीन श्रीवास्तव की बातचीत हुई है। नेपाल में कई राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर आवाज उठाई है। उनका कहना है कि भारत को सेना भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करने से पहले नेपाल से बातचीत करनी चाहिए थी। आखिर चार साल के बाद 'अगिन्वीर' कहां जाएंगे। वे बेरोजगार हो जाएंगे। कुछ समय बाद भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे की नेपाल यात्रा प्रस्तावित है। भारतीय सेना में नेपाली युवकों की भर्ती, नेपाल, भारत और ब्रिटेन सरकार के बीच हुई त्रिपक्षीय संधि का हिस्सा है। अब नेपाल के राजनीतिक दल, अगिन्पथ योजना को उस संधि का उल्लंघन बता रहे हैं। सैन्य मामलों के विशेषज्ञ और एक्स-सर्विसमैन ग्रीवांस सेल के अध्यक्ष साधू सिंह के मुताबिक, पड़ोसी मुल्क 'अगिन्वीर' को लेकर नेपाल के युवाओं को भड़का रहे हैं। हालांकि उन्होंने ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है कि नेपाली युवक, पाकिस्तान या चीन की सेना में भर्ती हो सकते हैं। चीन और पाकिस्तान की सेना में एक भी गोरखा नहीं है। भारत को इस मामले में बहुत से गंभीरता से कदम आगे रखना चाहिए। भारतीय सेना में गोरखाओं का अपना एक इतिहास रहा है। नेपाल के बहादुर लड़ाके, भारतीय सेना ही नहीं, बल्कि ब्रिटिश आर्मी का भी हिस्सा हैं। अनुशासन और वफादारी में उनका कोई मुकाबला नहीं है। भारतीय सेना में आजादी के बाद तो ब्रिटिश आर्मी में 1947 के पहले से ही 'गोरखा' अपनी बहादुरी, ईमानदारी और निष्ठा को साबित करते रहे हैं। भारतीय सेना के भूतपूर्व थल सेना अध्यक्ष, फील्ड मार्शल सैम होर्मूसजी फ्रेमजी जमशेदजी मानेकशॉ ने कहा था, अगर कोई ये कहता है कि मुझे मौत से डर नहीं लगता तो वह झूठ बोल रहा है या गोरखा है। नेपाल का ये समझौता केवल, भारत और ब्रिटेन के साथ है। नेपाल की तरफ से उठे ये सवाल जायज हैं कि चार साल सेना की नौकरी करने के बाद गोरखाओं का क्या होगा। साधू सिंह ने कहा, सेना में अगिन्वीर भर्ती को लेकर भारत सरकार खुद भी स्पष्ट नहीं है। भारत में भी यह शंका जाहिर की गई थी कि चार साल के बाद अगिन्वीरों का भविष्य क्या रहेगा। क्या किसी के द्वारा इनके दुरुपयोग की संभावना बनी रहेगी। कोई राजनीतिक दल या उद्योगपति, इन्हें किसी मकसद से अपना हिस्सा बना लेंगे, लोगों के जेहन में ऐसे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। भारतीय सेना में हर साल 60 हजार अधिकारी और जवान रिटायर हो रहे हैं। उनकी रिप्लेसमेंट नहीं हो पा रही। ऐसे में नेपाल को भी लगता है कि अगिन्वीर योजना में गोरखाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं है। गोरखा रेजिमेंट का अपना इतिहास रहा है। बहुत से एक्स सर्विसमैन की पेंशन नेपाल में ड्रा होती है। ये भारतीय फौज का अहम हिस्सा हैं। इसने अपने शौर्य को साबित कर दिखाया है। गोरखा, गजब के लड़ाके होते हैं। इन्हें जो भी ड्यूटी या टॉस्क दिया जाता है, ये वहां से विजयी हुए बिना, वापस नहीं लौटते। इनकी वफादारी, निष्ठा और ईमानदारी का उदाहरण पेश किया जाता है।

## बारपेटा से फिर से दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** अलकायदा से है कनेक्शनआतंकी लिंक मामले में पुलिस ने पिछले 10 दिनों में करीब छह लोगों की गिरफ्तारी की है। इससे पहले गोलपारा से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीती 26 अगस्त को पुलिस ने गोलपारा के एक मदरसे से हफीजुर्रहमान मुफ्ती नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। असम में आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद यहां संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। अब यहां के बारपेटा जिले से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। बारपेटा एनसी अमिताव सिन्हा ने बताया, दोनों संदिग्ध व्यक्तियों का लिंक अलकायदा भारतीय उपमहाद्वीप (एआईक्यूएस) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) से है। उन्होंने बताया, पुलिस ने बारपेटा के एक मदरसे में बेदखली अभियान भी चलाया, क्योंकि यह मदरसा अवैध रूप से सरकारी जमीन पर बनाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया, पकड़े गए दोनों संदिग्धों का लिंक इस मदरसे से भी है। पुलिस ने बताया, बारपेटा जिले से गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकियों की पहचान कर ली गई है। एक की पहचान अकबर अली तो दूसरे की अबुल कलाम आजाद के रूप में हुई है। सरकारी जमीन



पर बना मदरसा ध्वस्त असम पुलिस ने बारपेटा में सरकारी जमीन पर बने मदरसे को सोमवार को ध्वस्त कर दिया। अतिरिक्त उपायुक्त लचित कुमार दास ने बताया, यह संस्था देश विरोधी गतिविधियों, जिहादी संगठनों में शामिल है। इसलिए हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। संपत्ति की पुष्टि की। उन्होंने बताया, संस्था का मालिक नहीं मिला, इसलिए हमने इसे तुरंत ध्वस्त करने का फैसला किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, जब भी हमारे पास शिकायत आती है तो हम उस पर कार्रवाई करते हैं। हम लोग मदरसे के लोगों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और उन्होंने आश्वसत किया है कि वह सरकार के बनाए नियमों के साथ काम करेंगे। हमने अब तक 700 से अधिक सरकारी मदरसाओं को बंद किया है 10 दिनों में छह गिरफ्तारी आतंकी लिंक मामले में पुलिस ने पिछले 10 दिनों में करीब छह लोगों की गिरफ्तारी की है। इससे पहले गोलपारा से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीती 26 अगस्त को पुलिस ने गोलपारा के एक मदरसे से हफीजुर्रहमान मुफ्ती नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। इसके भी आतंकी संगठन से संबंध थे। यह व्यक्ति यहां के मदरसे में शिक्षक था। गांव में संदिग्ध आए तो करें सूचित पिछले दिनों असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपील की थी कि हमने कुछ एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) बनाए हैं कि अगर आपके गांव में कोई इमाम आता है और आप उसे नहीं जानते हैं तो तुरंत पुलिस स्टेशन को सूचित करें, वे सत्यापित करेंगे, उसके बाद ही वे रुक सकते हैं। असम का हमारा मुस्लिम समुदाय इस काम में हमारी मदद कर रहा है।

## 'कांग्रेस में अनपढ़ों की जमात', इस्तीफे के बाद बोले गुलाम नबी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली** जयराम रमेश ने किया पलटवारकांग्रेस छोड़ने के बाद गुलाम नबी आजाद एक बार फिर से मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब दिया। कांग्रेस छोड़ने के बाद गुलाम नबी आजाद एक बार फिर से मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि घर वालों ने घर छोड़ने के लिए जबरन मजबूर किया। जहां घर वालों को लगे कि यह आदमी नहीं चाहिए तो अकलमंदी खुद घर छोड़ने में है। वहीं गुलाम नबी ने भाजपा से सांठगांठ को लेकर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जो शख्स (राहुल गांधी) अपनी स्पीच खत्म करने के बाद भरी सदन में पीएम से गले मिले, तो बताएं कि वे मिले हैं या मैं मिला हूं पहले जयराम रमेश अपना ॐ चेक करवाएं: गुलाम नबी गुलाम नबी आजाद ने कहा कि पहले जयराम रमेश अपना ॐ चेक करवाएं कि कहां के हैं और किस पार्टी से हैं, वह देखें कि उनका ॐ किस-किस पार्टी में रहा है। बाहर के लोगों को कांग्रेस का अता-पता नहीं है। चापलूसी और ट्विट कर जिन्हें पद मिले अगर वे आरोप लगाएं तो हमें दुख होता है। कांग्रेस में अनपढ़ों की जमातः गुलाम नबी यह पूछे जाने पर कि क्या वह नई पार्टी बनाने के बाद जरूरत पड़ने पर भाजपा के साथ जाएंगे तो इसका जवाब देते हुए आजाद ने कहा कि कांग्रेस में अनपढ़ों की जमात है, खासकर जो लोग लिपिकीय काम के लिए बैठे हैं। जो जम्मू-कश्मीर को जानते हैं, तो उन्हें पता है कि मैं भाजपा के लिए एक भी वोट की अपील नहीं कर सकता हूं। वहीं आजाद पर पलटवार करते हुए, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इतने लंबे करियर के बाद, पूरी तरह से जिस पार्टी को उन्हें बदनाम करने का काम सौंपा गया है इससे खुद को वे नीचे कर रहे हैं। मैं पीएम मोदी को क्रूर समझता था लेकिन उन्होंने इंसानियत दिखाईः गुलाम नबी आजाद ने कहा कि मैं पीएम मोदी को क्रूर समझता था लेकिन उन्होंने कम से कम इंसानियत तो दिखाई। जब मैं जम्मू-कश्मीर का सीएम था तब गुजरात की टूरिस्ट बस में आतंकी हमला हुआ था। जिसमें कि कई लोग मारे गए थे। तब उनका फोन आया था तो मैं रो रहा था। मोदी साहब ने मेरे रोने की आवाज सुनी।गुलाम नबी आजाद ने कहा कि मोदी तो बहाना है, जी23 की चिट्ठी लिखे जाने के बाद से उनका मेरे साथ विवाद है। वे कभी नहीं चाहते थे कि कोई उन्हें लिखे, उनसे सवाल करे। कांग्रेस की कई बैठकें हुईं लेकिन एक भी सुझाव नहीं लिया गया।




## दिल्ली के शराब घोटाले पर चुप्पी क्यो, केजरीवाल बोले- हमारे विधायक नहीं खरीद सकी भाजपा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** नड्डा त्रिपुरा के दो दिनी दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने अगरतला में एक प्रेस कान्फ्रेंस की। नड्डा ने कहा कि इतना बड़ा घोटाला हुआ है। इससे देश को नुकसान हुआ है और वे इस मुद्दे से जनता को भटका रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली के शराब घोटाले को लेकर आप संयोजक व सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। केजरीवाल का नाम लिए बगैर कहा कि उन्होंने शराब नीति को लेकर अब तक कुछ नहीं कहा है। उधर, दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा की विधायकों को खरीदने की कोशिश फेल हो गई। उन्होंने कहा कि हमारा कोई एमएलए नहीं बिका। नड्डा ने कहा कि इतना बड़ा घोटाला हुआ है। इससे देश को नुकसान हुआ है और वे इस मुद्दे से जनता को भटका रहे हैं। उन्हें जांच एजेंसियों को जवाब देना चाहिए, कोर्ट में सब कुछ कहना चाहिए। नड्डा त्रिपुरा के दो दिनी दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने अगरतला में एक प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने माकपा पर जमकर हमला बोला और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों की तारीफ की।प्रेस कान्फ्रेंस में नड्डा ने कहा कि माकपा ने 35 साल के शासन काल में राज्य की महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया और आदिवासी, शोषित युवाओं की अनदेखी की। उन्होंने आतंकवाद, घुसपैठ को प्रोत्साहित किया। माकपा राज में उग्रवाद चरम पर था। नशीली दवाओं की तस्करी तेजी से बढ़ रही थी। अगले साल होंगे त्रिपुरा में चुनाव नड्डा अगले साल होने वाले त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वे खुमुलवांग कस्बे में एक रैली को संबोधित करेंगे। रविवार को अगरतला हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री माणिक साहा, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्जी और अन्य लोगों ने नड्डा का स्वागत किया। अगरतला पहुंचने के तुरंत बाद, उन्होंने राज्य के गेस्ट हाउस में पार्टी के पदाधिकारियों, संगठनों के नेताओं, मंत्रियों, लोकसभा सदस्य, विधायकों, भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ कई मैराथन बैठकें कीं। एक के बाद एक हुई इन बैठकों में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्जी, केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक, पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लुब कुमार देब, विनोद सोनकर समेत केंद्रीय पर्यवेक्षक भी शामिल हुए। दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र, भाजपा विधायकों ने की नारेबाजी दिल्ली विधानसभा के सोमवार को बुलाए विशेष सत्र में भाजपा विधायकों की सदन में नारेबाजी के विरोध में आप विधायकों ने जवाबी नारेबाजी की। भाजपा विधायकों के बाहर आने के बाद भी आप विधायक भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते रहे, जिन्हें काफी देर तक दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिरला चुप कराने में लगी रहीं। अंग्रेजों ने भी नहीं लगाए दूध, दही, अनाज पर टैक्स : केजरीवाल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा विधायकों के रवैए की कड़ी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विधायक चर्चा करना नहीं चाहते, वह केवल हंगामा करने की नियत से सदन में आते हैं। इसी कारण उन्हें सदन से बाहर निकाला गया। मुख्यमंत्री ने कहा आज देश में महंगाई अपनी चरम पर है, लोगों के घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। केंद्र सरकार ने हर मामले में टैक्स लगा दिया है। इतना टैक्स कभी भी नहीं लगा था। देश आजाद होने के बाद कभी भी दूध, दही, अनाज, दाल, चावल, चीनी पर टैक्स नहीं लगा था। अंग्रेजों ने भी कभी यह टैक्स नहीं लगाए। 'भाजपा का ऑपरेशन लोटस हुआ फेल' केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक ईमानदार हैं इसलिए एक भी विधायक नहीं बिका और भाजपा का ऑपरेशन लोटस दिल्ली में फेल हो गया। जनता को विश्वास दिलाने और उसे बताने के लिए कि हमारा एक भी विधायक नहीं बिका और भाजपा खरीदने में कामयाब नहीं हो सकी इसी कारण हम विश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। उन्होंने कई राज्यों की सरकार गिरा दी, ये सरकारें कैसे गिरी यह एक रोचक तथ्य है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि झारखंड की सरकार गिराई जाएगी, इस कार्य में केंद्र सरकार जुटी हुई है और वह सरकार गिराने के लिए डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ाकर पैसे का इंतजाम करेगी।



## तेलंगाना और ओडिशा पर पशिचम बंगाल से निशाना साधेगी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** तीन दिन अहम पशिचम बंगाल में भाजपा के सदस्य केएम दास कहते हैं कि पशिचम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद काफी कुछ उलटफेर हुए हैं। ऐसे में सोमवार से शुरू होने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है तेलंगाना और उड़ीसा प्रशिक्षण की आवश्यकता थी। वह कहते हैं कि सोमवार से शुरू होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में कई बड़े नेता शिरकत कर रहे हैं। इसमें हाल में ही पशिचम बंगाल, उड़ीसा और तेलंगाना के इंचार्ज बनाए गए राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल भी शिरकत करेंगे। वह कहते हैं, सुनील बंसल की चुनावी रणनीति का लोकसभा किया जाएगा। हालांकि उनका कहना है कि उड़ीसा और तेलंगाना के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर और कार्यक्रम लगातार आयोजित होंगे, लेकिन पशिचम बंगाल में सोमवार से शुरू हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बहुत मायने रखता है। भाजपा ने हाल में ही उत्तर प्रदेश के संगठन महासचिव सुनील बंसल



में होने वाले विधानसभा के चुनावों पर भाजपा ने पशिचम बंगाल से निशाना साधना शुरू कर दिया है। दरअसल पशिचम बंगाल में सोमवार से तीन दिवसीय एक प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ है। इस शिविर के माध्यम से प्रशिक्षण तो पशिचम बंगाल के एमपी और एमएलए समेत पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा लेकिन इसका संदेश उड़ीसा और तेलंगाना तक पहुंचेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में पहली बार पशिचम बंगाल, उड़ीसा और तेलंगाना के इंचार्ज सुनील बंसल शिरकत कर रहे हैं। पार्टी ने प्रशिक्षण शिविर को लेकर तमाम तैयारियां और योजनाएं बनाई हैं। कई बड़े नेता करेंगे शिरकत पशिचम बंगाल में आयोजित होने वाले सोमवार से बुधवार तक के प्रशिक्षण शिविर में पार्टी यहां न सिर्फ संगठनात्मक मजबूती बल्कि आगे के चुनावी रणनीति और उनको अमल में लाने की प्रयासों पर पूरी चर्चा करेंगी। इस बैठक में शामिल होने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनावों के बाद यहां संगठनात्मक तौर पर ऐसे ही बड़े चुनावों में बड़ा असर देखने को मिलेगा। बंसल के लिए भी पशिचम बंगाल में बतौर इंचार्ज यह पहला प्रशिक्षण शिविर होगा।पशिचम बंगाल में भाजपा के सदस्य केएम दास कहते हैं कि पशिचम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद काफी कुछ उलटफेर हुए हैं। ऐसे में सोमवार से शुरू होने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। वे कहते हैं कि इस बैठक में पशिचम बंगाल में लोकसभा सीटों की संख्या को बढ़ाने की पूरी रणनीति पर न सिर्फ चर्चा होगी, बल्कि गांव-गांव में दरवाजे-दरवाजे तक पहुंचने के लिए भी पूरा रोडमैप तैयार किया जाएगा। भाजपा से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं कि पशिचम बंगाल में होने वाले प्रशिक्षण शिविर का पूरा असर उड़ीसा और तेलंगाना के चुनावों की रणनीति पर भी पड़ेगा। इसकी वजह बताते हुए वह कहते हैं कि उड़ीसा में होने वाले विधानसभा चुनावों में पशिचम बंगाल से कई प्रमुख नेताओं को भेजा जाना है। जो रणनीति यहां पर बनाई जाएगी उसी रणनीति के आधार पर उड़ीसा में भी काम को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया है। इसके साथ ही पशिचम बंगाल उड़ीसा और तेलंगाना का चुनाव प्रभारी भी बनाया है। फिलहाल वह पशिचम बंगाल में लोकसभा चुनावों के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव उड़ीसा तेलंगाना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि पशिचम बंगाल में आयोजित हो रहे प्रशिक्षण शिविर के अलावा संगठनात्मक तौर पर उड़ीसा और तेलंगाना में उनके कार्यकर्ता जमीनी अभियान शुरू कर चुके हैं। वह कहते हैं कि पशिचम बंगाल में होने वाले प्रशिक्षण शिविर का निशिचत तौर पर असर उड़ीसा और तेलंगाना जैसे राज्यों में दिखेगा। दरअसल पार्टी अलग-अलग राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में दूसरे राज्यों के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारियां देती है। इस लिहाज से उड़ीसा और तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पशिचम बंगाल का या प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस पर हुआ सम्मान......

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस एवं मदर टेरेसा के जन्म दिन के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सामाजिक संगठन आपकी आवाज एक सामाजिक संगठन के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए महिलाओं को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकत्री निशा मिश्रा को प्रयागराज मदर टेरेसा सम्मान प्रदान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में माननीय सांसद राज्यसभा कुंवर रेवती रमण शो सिंह एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनामिका चौधरी राज्य महिला आयोग के सदस्य, वरिष्ठ समाजसेविका रीता निषाद,ब्लाक प्रमुख अर्चना सरोज, कमलेश द्विवेदी, प्रियंका मिश्रा आईपीएस एवं अनेक गणमान्य नागरिक सम्मानित किए गए अवधेश कुमार निषाद जिला अध्यक्ष, स्वागत उमाशंकर सिंह प्रदेश अध्यक्ष आभार संतोष कुमार पांडे राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव के द्वारा किया गया श्रीमती पूनम पांडे आशा कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा देवी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती उषा सिंह पटेल जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगर श्रीमती रेनू मिश्रा श्रीमती प्रियंका शुक्ला श्रीमती निहारिका शुक्ला श्रीमती कल्पना मिश्रा श्रीमती रेखा वर्मा श्रीमती रेखा कुशवाहा श्रीमती रेखा मोरिया श्रीमती पुष्पा तिवारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती ममता रजनीश पांडे श्रीमती मंजू सिंह श्रीमती आदि को सम्मानित किया गया राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रमुखता से बल दिया गया की आधी आबादी महिलाओं को समानता का अधिकार मिलना चाहिए विशेष रूप से महिलाएं हर क्षेत्र में अपने अग्रसर योगदान के कारण अति उत्साहित होकर कार्य कर रही हैं हम सभी समाज के वर्गों से अपील की गई कि लोग महिलाओं का अधिक से अधिक सम्मान करें और उन्हें समान अधिकार दिलाने में उनका सहयोग करें इन्हीं बातों को प्रबलता से रखा गया और कार्यक्रम के समापन में कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से लोग आए जिसमें पश्चिम बंगाल से जलपाईगुड़ी से चलकर श्रीमती रजनी मेनन बिहार से नवनीत कुमार मध्य प्रदेश से आसमा परवीन दिल्ली से शिव कुमार पंडित एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन जिलाध्यक्ष प्रयागराज अवधेश निषाद ने किया।



# रोटरी क्लब ग्रैंड द्वारा तीज मनाई गइ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** रोटरी क्लब ग्रैंड के सदस्यों द्वारा सिविल लाइंस स्थित होटल कस्बा में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहां पर रोटरी क्लब के सदस्यों के अलावा शहर की काफी प्रतिष्ठित युवतियों ने हिस्सा लिया। क्लब की प्रेसिडेंट फैज़ा जीशान, सेक्रेटरी वरुण टंडन एवं क्लब के बाकी सदस्य भी उपस्थित थे।



# प्रयागराज एयरपोर्ट ग्राहकों के मन भाया, यूपी में नंबर वन आया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** उड़ानों वाले एयरपोर्ट के लिए यह सर्वे जनवरी से जून और जुलाई से दिसंबर तक अलग-अलग होता है। दोनों की अलग-अलग सूची भी जारी होती है। इस वर्ष जनवरी से जून तक हुए सर्वे की रिपोर्ट अब जारी हुई है। ग्राहक संतुष्टि के मामले में प्रदेश के घरेलू एयरपोर्ट में प्रयागराज को पहला स्थान मिला है। देश के घरेलू एयरपोर्ट की सूची में भी प्रयागराज की रैंक में सुधार आया है। अखिल भारतीय स्तर पर प्रयागराज एयरपोर्ट को इस बार 13वीं रैंक मिली है। जबकि इससे पूर्व 18वीं रैंक थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) द्वारा प्रत्येक छह माह में ग्राहक संतुष्टि सूचकांक जारी किया जाता है। इसके लिए एएआई की टीम एयरपोर्ट पर ही यात्रियों से वहां की सुविधाओं के बारे में फीडबैक लेती है। इसी के आधार पर एयरपोर्ट की रैंक निर्धारित होती है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों वाले एयरपोर्ट के लिए यह सर्वे जनवरी से जून और जुलाई से दिसंबर तक अलग-अलग होता है। दोनों की अलग-अलग सूची भी जारी होती है। इस वर्ष जनवरी से जून तक हुए सर्वे की रिपोर्ट अब जारी हुई है। उक्त रिपोर्ट में सिर्फ घरेलू विमान संचालित करने वाले प्रदेश के सभीएयरपोर्ट में प्रयागराज विमानपत्तन को पहला स्थान मिला है, जबकि गोरखपुर दूसरे, कानपुर तीसरे एवं आगरा चौथे स्थान पर है। लखनऊ और वाराणसी इंटरनेशनल एयरपोर्ट होने की वजह से इस सूची में शामिल नहीं हैं। हालांकि पिछले दिनों आई एयरपोर्ट सर्विस क्वॉलिटी की रिपोर्ट में वाराणसी एयरपोर्ट को पहला स्थान मिला है। प्रयागराज एयरपोर्ट की रैंक में लगातार सुधार अखिल भारतीय स्तर पर भी प्रयागराज एयरपोर्ट की रैंक में लगातार सुधार हो रहा है। देश के 64 घरेलू एयरपोर्ट के ग्राहक संतुष्टि सर्वे में प्रयागराज को इस वर्ष की पहली छमाही में 13 वीं रैंक हासिल हुई है। जबकि रांची एयरपोर्ट नंबर एक पर है। इसके पूर्व जून 2021 से दिसंबर 2021 तक हुए सर्वे में प्रयागराज को 18वीं रैंक हासिल हुई थी। वहीं जनवरी 21 से जून 21 के बीच 46वीं रैंक थी। 33 पैरामीटर पर लिया गया यात्रियों का फीडबैक एएआई की टीम ने सर्वे में यात्रियों से 33 बिंदुओं पर बात की। इसमें मुख्य रूप से एयरपोर्ट में पार्किंग सुविधा, बैगेज कोर्ट/ट्रॉलियों की उपलब्धता, चेक इन पंक्ति में प्रतीक्षा समय, चेक इन स्टाफ की दक्षता, रेस्तरां, एटीएम, सुरक्षा स्टाफ का नम्र और सहायक होना, उड़ान संबंधी जानकारी, सुरक्षा जांच के दौरान प्रतीक्षा आदि के बारे में पूछा गया।



# डबल मर्डर के आरोपी ने जेल से फोन पर गवाह को धमकाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** मुकदमा दर्ज नैनी में अरैल का रहने वाला पिंटू महरा कुख्यात अपराधी है। वह नैनी थाने का हिस्ट्रीशीटर है और 2009 डबल



मर्डर मामले में वर्तमान में सोनभद्र जेल में बंद है। 2009 में नैनी में अनिरुद्ध उर्फ बर्रू निषाद और उसके बेटे छगन निषाद को बम-गोलियों से भून दिया गया था। नैनी में 13 साल पहले हुए सनसनीखेज डबल मर्डर में जेल में बंद कुख्यात अपराधी ने वादी को फोन पर धमकी दी। आरोप है कि गवाहों को भी धमकाया और अपने पक्ष में गवाही भी करा ली। वादी के परिवार ने ऑडियो सहित मामले की शिकायत जिला जज से की है। उधर, पुलिस ने नामजद केस भी दर्ज कर लिया है। नैनी में अरैल का रहने वाला पिंटू महरा कुख्यात अपराधी है। वह नैनी थाने का हिस्ट्रीशीटर है और 2009 डबल मर्डर मामले में वर्तमान में सोनभद्र जेल में बंद है। 2009 में नैनी में अनिरुद्ध उर्फ बर्रू निषाद और उसके बेटे छगन निषाद को बम-गोलियों से भून दिया गया था। इस मामले में ही पिंटू व उसका भाई अरविंद जेल भेजे गए। बर्रू का बेटा गगन निषाद इस हत्याकांड में गवाह है। उस पर 2017 में दारागंज में बम-गोलियों से हमला किया गया था। इसमें दो अन्य लोग भी जख्मी हुए थे, जिनमें से एक की बाद में मौत हो गई थी। अब गगन के परिवार के ही एक व्यक्ति ने जिला जज को गोपनीय पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई है। उसने एक ऑडियो भी भेजा है। आरोप है कि ऑडियो में सोनभद्र जेल में बंद पिंटू महरा की आवाज है, जिसने गवाहों को धमकाकर अपने पक्ष में गवाही करा ली। आरोप यह भी है कि जेल में रहते हुए भी साजिश करके पिंटू ने डबल मर्डर मामले में वादी गगन निषाद को फर्जी रेप केस में फंसाकर और पूरे परिवार को धमकाकर अपने पक्ष में गवाही करा ली थी। शिकायती पत्र में ऑडियो की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# बाँदा जिले की होनहार बेटी नेहा कश्यप

## ने मिस्टर एंड मिस इंडिया किंग एंड क्वीन ऑफ द ईयर 2022 के शो में किया जजमेंट प्रतिभागियों ने खूब पसंद किया नेहा कश्यप का

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** जिले से नेहा कश्यप मॉडल एवम अभिनेत्री विजेता मिस बुंदेलखंड ने 28 अगस्त को झांसी में अपनी कला के प्रदर्शन के साथ साथ दूर दूर से आये प्रतिभागियों को जज भी किया। सभी ने नेहा की काफी सराहना की एस.के अकादेमी ऑफ आर्ट सोसाइटी द्वारा झांसी स्थित होटल 3 में किया गया। इस ऑडिशन में 4 साल से 45 साल तक के तकरीबन 115 प्रतिभागियों ने अपने अपने हुनर के जल्वे दिखाए। किसी ने सिंगिंग की तो किसी ने डांस किया तो कीसी ने एक्टिंग में डायलॉग बोले मॉडलिंग में तो काफी लड़कियों ने रेम्प पर वाक के साथ साथ अपना टेलेंट दिखा कर जजेस का दिल जीत लिया साथ मे ऑडियंस ने भी खूब इंजॉय किया। मिसेज केटेगेरी में भी काफी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस ऑडिशन में प्रतिभागी कानपुर, ईलाहाबाद, सागर, बाँदा, ग्वालियर, महोबा, औराई, लखनऊ, ललितपुर, झांसी आदि इंडिया के कोने कोने से यहाँ आ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस ऑडिशन के जजेस थे बॉलीवु एक्टर सुंदर लिखार, मिस बुंदेलखंड नेहा कश्यप, ज्योति वर्मा जूनियर पराक्रम प्रताप सिंह, हेड जूरी रहे डायरेक्टर मिस्टर समीर खान रहे जूरी मेम्बर में मिस नेहा कश्यप झांसी में स्थित होटल 3 रेजीडेंसी क्लब स्टेशन रोड मै 28 अगस्त 2022 ऑडिशन जिसमें निर्णायक के तौर पर नेहा कश्यप उपस्थित रही।







# इलाहाबाद विवि पहुंचे ब्रिटिश हाईकमीशन के अफसर........

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** उन्होंने ब्रिटिश हाईकमीशन की ओर से छात्राओं के लिए आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए इविवि की छात्राओं को प्रेरित किया। छात्राएं किसे अपना आदर्श मानती हैं, इस आधार पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए दो सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। ब्रिटिश हाईकमीशन के हेड ऑफ पॉलिटिकल एंड बाइलेटरल अफेयर्स रिचर्ड बाली और वरिष्ठ राजनीतिक सलाहकार भावना विज सोमवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) पहुंचे। वे सीधे छात्र-छात्राओं से मिले और भारतीय छात्रों के लिए ब्रिटिश सरकार की से उपलब्ध कराई जा रहीं सुविधाओं का लाभ लेने के लिए उन्हें प्रेरित किया। आम छात्रों के बीच पहुंचे दोनों अफसरों ने उन्हें ब्रिटिश सरकार की फुल फेज स्कॉलरशिप से अवगत कराया। छात्र-छात्राओं को बताया कि यह स्कॉलरशिप पूरी तरह से प्रायोजित है। सनतक के छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। चयनित छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप के माध्यम से ब्रिटेन में परासनतक की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। उन्होंने ब्रिटिश हाईकमीशन की ओर से छात्राओं के लिए आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए इविवि की छात्राओं को प्रेरित किया। छात्राएं किसे अपना आदर्श मानती हैं, इस आधार पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए दो सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। विजेता छात्रा को एक दिन के ब्रिटिश हाईकमीशन का राजदूत बनाया जाएगा। प्रतियोगिता में 18 से 23 वर्ष आयु वर्ग की छात्राएं शामिल हो सकती हैं। दोनों ही अफसरों ने छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह के साथ विज्ञान और कला संकाय में आम छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को मिल रहीं सुविधाओं और उनकी समस्याओं के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि ब्रिटिश सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रहीं सुविधाएं छोटे शहरों और गांव-कस्बों के विद्यार्थियों को भी मिले, इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय आए हैं।पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ऋचा सिंह ने बताया कि दोनों अफसरों ने छात्रसंघ के स्वर्णिम इतिहास के बारे में जानकारी ली और हैरत जताते हुए पूछा कि राजनीति की इस नर्सरी को आखिर बंद क्यों कर दिया गया। इस दौरान फीस वृद्धि के विरोध में जारी आंदोलन के बारे में भी पूछा और आम छात्र-छात्राओं से जानना चाहा कि वे क्या चाहते हैं। उन्होंने कक्षाएं और प्रयोगशालाएं भी देखीं। कुछ छात्रों से नई शिक्षा नीति पर भी चर्चा की और जाना चाहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा का स्तर क्या है।



# मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने हेरीटेज बिल्डिंग इमामबाड़ा, घंटाघर ,दर्शन विलास, कोठी गुलिस्ताने इरम का किया औचक निरीक्षण..................

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** रूमी दरवाजा के सामने गुलाब वाटिका में टूटे हुए स्थानों को तत्काल संबंधित अधिकारी मरम्मत/सौन्दर्यीकरण कराएं- मंडलायुक्त लखनऊ 26 अगस्त 2022 (सूचना विभाग), मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने हेरीटेज बिल्डिंग इमामबाड़ा, रूमी दरवाजा, घन्टाघर, दर्शन विलास, कोठी गुलिस्ताने इरम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री इंद्रमणि त्रिपाठी, लखनऊ स्मार्ट सिटी के अधिकारी, हुसैनाबाद ट्रस्ट के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। स्मार्ट सिटी द्वारा कराए जा रहे कार्यों और कराए जाने वाले कार्यो के बारे में स्मार्ट सिटी अधिकारी द्वारा पूरी जानकारी दी गयी। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने कहा कि पूरे एरिया को प्लानिंग के तहत डेवलप (विकसित) करें। साथ ही साथ पिक्चर गैलरी के सामने बने फाउंटेन के साफ-सफाई, रख-रखाव अच्छे से करें और इसके पानी की सफाई करा ले एवं इसको जल्द से जल्द चालू कराएं, इसके आसपास फूड कोड, लाइटिंग, शौचालय, मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साइनिंग बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बैठने के लिए सौन्दर्यीकरण के तहत अच्छे से बेंच बनवाएं और घंटा घर पर फसाद लाइटिंग अच्छे से करें। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि रूमी दरवाजा के सामने पड़े खाली मैदान को ग्रीन पार्क के रूप में डेवलप किया जाएगा। तांगे स्टैण्ड को सुविधाजनक बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मण्डलायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि रूमी दरवाजा के सामने गुलाब वाटिका में टूटे हुए स्थानों को तत्काल संबंधित अधिकारी मरम्मत/सौन्दर्यीकरण करायें, साथ ही साथ गुलाब के नये पौधे लगवाना सुनिश्चित करें। ड्रैनेज की साफ-सफाई और उसके आस-पास के जगहों का सौन्दर्यीकरण, टूरिस्ट सुविधा बढ़ाने, नागरिक व्यवस्था बढ़ाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये। वहां पर उपस्थित हुसैनाबाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों से संवाद किया गया और कौन-कौन से कार्य किए जाने हैं इसकी जानकारी आयुक्त लखनऊ ने लिया। इसके पश्चात दर्शन निवास कोठी गुलिस्ताने इरम का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी से कहा कि इन बिल्डिंगों में भी फसाड़ लाइटिंग और सौंदर्यीकरण करा लिया जाए।





# अपर मंडल रेल प्रबंधक संग सांसद निरहुआ ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण,यात्री सुविधाओं के लिए हुआ मंथन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** क्षेत्रीय सांसद दिनेश लाल यादव (निरहुआ)ने आज वाराणसी मंडल परिक्षेत्र के आजमगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।इसके साथ ही मंडलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आजमगढ़ परिक्षेत्र के यात्रियों की मांगों के अनुसार स्टेशनों के विकास कार्यों और प्रगति पर



व्यापक परिचर्चा की। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री राहुल श्रीवास्तव,मुख्य परियोजना प्रबंधक रेल विकास निगम लिमिटेड विकास चन्द्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री संजीव शर्मा,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल विद्युतइंजीनियर (कर्षण) पंकज केशरवानी, मंडल इंजीनियर सामान्य श्री पी पी खुजुर एवं स्टेशन के प्रमुख कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में आयोजित बैठक ने सांसद ने अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अधिकारियों से आजमगढ़ के यात्रियों की समस्याओं के विषय में अवगत कराया। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने बताया अधिकांश समस्याओं के निवारण का कार्य प्रगति पर है जो शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। सांसद ने यात्रियों की लम्बे समय से चली आ रही दिक्कतों को देखते हुए आजमगढ़ को वाराणसी एवं गोरखपुर से सीधे जोड़ने का प्रस्ताव रखा। उन्होने बताया कि यात्रियों को वाया मऊ रेल यात्रा करने में बहुत समस्या होती है। उन्होंने आजमगढ़ से कानपुर के लिये इंटरसिटी एक्सप्रेस चलाने, आजमगढ़ स्टेशन को विकसित और सुंदरीकरण करने, प्लेटफॉर्म संख्या 2 से गाड़ी पकड़ने में असुविधा एवं आजमगढ़ से प्रमुख महानगरों के लिए द्रुतगामी रेल सेवाओं हेतु विस्तृत विचार विमर्श किया तथा अपने स्तर से पूरा सहयोग करने का आस्वासन दिया। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री राहुल श्रीवास्तव ने आजमगढ़ परिक्षेत्र में चल रही विभिन्नुर्ववाचल रेल परियोजनाओं के बारे में विस्तार से समझाते हुए बताया कि आजमगढ़ रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में आजमगढ़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 01 का 15 मीटर चौड़ी करण एवं विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु नए पैदल उपरिगामी पुल का निर्माण किया जा रहा है तथा प्लेटफॉर्म संख्या 03 के गुड्स साइडिंग को फरिहा एवं खुरहट में नए गुड्स साइडिंग का निर्माण कर विस्थापित किया जा रहा है। आजमगढ़ स्टेशन नए आई लैंड प्लेटफॉर्म 45 का निर्माण कर उसे कैब वे की सुविधा भी दी जाएगी तथा द्वितीय प्रवेश द्वार भी विकसित किए जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मऊ-शाहगंज दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 99.5 किमी मिट्टी फार्मेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही 25 किमी रेल लाइन लिंकिंग का कार्य भी कराया जा चुका है। रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रगतिशील उक्त परियोजना के प्रथम चरण में सठियांव से फरिहा का दोहरीकरण दिसम्बर माह तक पूरा कर लिया जाएगा। अशोक कुमार जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी के अनुसार माननीय सांसद के आगमन के पूर्व अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री राहुल श्रीवास्तव ने फरिहा में निर्माणाधीन गुड्स शेड, सठियांव में निर्माणाधीन खुरहट में निर्माणाधीन गुड्स शेड, आजमगढ़ के प्लेटफॉर्म,गुड्स साइडिंग एवं प्रस्तावित द्वितीय प्रवेश द्वार का निरीक्षण किया और संबंधित को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया 31 को कर सकते हैं डिजी यात्रा का शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** ऐसे मिलेगी एंट्रीडिजी यात्रा के तहत यात्रियों को चेहरे के साथ ही टिकट स्कैन कर टर्मिनल भवन में प्रवेश मिलेगा। वाराणसी एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा शुरू करने के लिए ट्रायल शुरू हो गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 31 अगस्त को डिजी यात्रा का शुभारंभ कर सकते हैं। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बाबतपुर एयरपोर्ट देश का पहला एयरपोर्ट होगा, जहां पर डिजी यात्रा की शुरुआत होगी। इसके तहत लोगों को एयरपोर्ट पर तमाम कागजों से छुटकारा मिलेगा। एयरपोर्ट पर लगी मशीन में यात्री का बेसिक डॉटा स्टोर हो जाएगा। इसके बाद जब भी कोई यात्रा करेगा तो उसे किसी भी तरह के कागजों की जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्री एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा मशीन में अपना चेहरा व टिकट स्कैन करा प्रवेश



कर सक सकेंगे। वहीं यात्रियों को डिजी यात्रा के लिए जागरूक करने के लिए सोमवार को एयरपोर्ट पर साइनेज भी लगाया गया है। एयरपोर्ट की निदेशक आर्यमा सान्याल का कहना है कि हमारी तैयारी पूरी है।चेहरे के साथ टिकट स्कैन कर मिलेगा प्रवेश डिजी यात्रा के तहत यात्रियों को चेहरे के साथ ही टिकट स्कैन कर टर्मिनल भवन में प्रवेश मिलेगा। वाराणसी एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा शुरू करने के लिए ट्रायल शुरू हो गया है। डीजी यात्रा में पंजीकरण के बाद यात्री एयरपोर्ट यात्रा के लिए पहुंचेंगे तो उन्हें अपना टिकट भी स्कैन कराना पड़ेगा। इसके लिए डिजी यात्रा मशीन में चेहरा व टिकट स्कैन करने की सुविधा है। प्रतिदिन डेढ़ सौ से ज्यादा यात्री कर रहे यात्रा वाराणसी एयरपोर्ट पर 31 जनवरी से डिजी यात्रा का ट्रायल शुरू हुआ था। अभी तक लगभग 5 हजार लोगों ने इसका पंजीकरण करा लिया है। वहीं अगर प्रतिदिन की बात करें तो डेढ़ सौ से ज्यादा यात्री डिजी यात्रा के तहत यात्रा कर रहे हैं।

# माँ के बिछड़ने से गमगीन हुआ सेंट जेवियर्स का प्रांगण

## सेंट जेवियर्स पिपरौली- बड़ागांव के प्रिंसिपल को मातृ शोक,120 वर्ष की उम्र पारकर दुनिया से हुई अलविदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।**जिले के सीमावर्ती सरहद के देवरिया जनपद की सलेमपुर तहसील के मझौली गांव के मूल निवासी एवं जिले के बिल्थरारोड कस्बा स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली-बड़ागांव के प्रिंसिपल डा0जे0आर0 मिश्र जी की पूज्यनीय माता किशोरी देवी का 120 वर्ष की उम्र में गुरुवार की प्रातः करीब 9 बजे निधन हो गया और वे सवा सौ वर्ष की लम्बी आयु पार कर हंसते-खिलते परिवार बसा कर दुनिया से अलविदा हो गई।उनकी निधन की खबर होते ही बलिया-देवरिया-गोरखपुर आदि अनेक स्थानो से नाते-रिश्तेदार व अनेक समाजिक लोगो ने अंतिम संस्कार मे शामिल होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ममतामयी माँ को बिछड़ने का गम सेंट जेवियर्स मे अब भी बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के बिल्थरारोड तहसील के पिपरौली-बड़ागांव स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल की आवास पर अपनी पुत्र बहु सहायक प्रिसिंपल श्रीमती शीला मिला, प्रिसिंपल डा0जे0आर0 मिश्रा के रह रही थी। इधर काफी दिनों से बीमार चल रही थी। उनके समुचित इलाज के लिए काफी प्रयास किया गया किन्तु विधि-विधान और होनी की निश्चित समय की ग्रह ने उन्हे मौत की नींद सुलाकर दुनिया से अलविदा कर



दिया।निधन की सूचना मिलते ही आस-पास सहित तमाम शुभेच्छुओं का आना-जाना लग गया उनकी निधन के उपरांत अपने नीजी साधन से पैतृक निवास देवरिया जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के मझौली में उनका पार्थिक शरीर ले जाया गया। उनका अंतिम दाह-संस्कार छोटी सरयू के पावन तट पर (गण्डक नदी) मझौली राज में किया गया।उनका मुखांगिनी विद्यालय की संस्था के अध्यक्ष बलिराम मिश्र ने दी है सेंट जेवियर्स स्कूल की सहायक प्रिंसिपल श्रीमती शीला मिश्रा को अपनी सासु माँ को दुनिया से बिछड़ने का बहुत ही दुःख है। गमगीन होकर कहा की माँ का प्यार एक भावना है और ऐसी भावना जिसे समझाने के लिए असीमित शब्दों की आवश्यकता होती है। क्योंकि यह एक महासागर जितना गहरा है। इस दुनिया मे आने के बाद हम अपने आप को मान की गोद में सबसे सुरक्षित पाते हैं। बिना बोले भी वह समझ जाती है कि हम क्या चाहते हैं। माँ का प्यार हमें जीवन में आने वाले किसी भी पतन में हमेशा प्रोत्साहित करता है। वह केवल एक महिला है जिसके पास हमारे सर्वश्रेष्ठ भविष्य के अलावा कोई मांग नहीं है इस मौके पर के0के मिश्र प्रबन्धक ,श्रीमती शीला मिश्रा वाईस प्रिंसिपल,नीरज तिवारी, मनोज तिवारी, टुनटुन, आशीष राय, विजय यादव, रामप्रकाश मिश्रा, बब्बू मिश्रा, डब्बू मिश्रा सहित स्कूल परिवार सैकड़ो नाते-रिश्तेदार व समाजसेवी लोग शव यात्रा में शामिल हुआ।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह को किया स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिला पंचायत डाक बंगला पर शनिवार को स्थानीय पत्रकारों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह ने कहा कि पत्रकारों पत्रकारों सम्बन्धित कोई आयोजन होता हो तो उन्हें उसमें भाग लेना चाहिए। कहा कि आप जिस किसी भी संगठन में हो वहां ससम्मान रहते हुए पत्रकार एकता संगठन से जुड़ सकते हैं। जानकारी दी कि पत्रकार एकता यात्रा सभी पत्रकार संबंधित अधिकारियों से उसकी शिकायत करता है तथा उसको नीचा गिराने की कोशिश करता है। कहा कि ऐसे विसंगतियों के चलते ही पत्रकारों के उत्पीड़न का मौका अधिकारियों को मिल जाता है। बैठक में अन्य पत्रकारों ने भी अपने



को आपसी द्वेष, ईर्ष्या, मतभेद भुलाकर एकजुट होने की आवश्यकता है। कहा कि पत्रकार एकता यात्रा निकालने के पीछे उनका यही उद्देश्य है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति के अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पत्रकार एकता यात्रा का उद्देश्य पत्रकारों के बीच आपसी भाईचारा के लिए है। कहा कि जब सभी पत्रकार संगठनों का एक ही उद्देश्य है कि पत्रकारों की विपदा के समय उनके साथ खड़े होकर उसकी लड़ाई मिलकर लड़ना, तो ऐसे में जहां भी संगठनों द्वारा संयुक्त रुप से चलाई जा रही है। उसके पीछे उद्देश्य यही है कि पत्रकारिता में आयी विसंगतियों को दूर करना, पत्रकारों में एकता लाकर पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न में कमी लाना और सभी को भाई चारे के रुप में एक मंच पर लाना है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पत्रकार निलेश कुमार दीपू ने कहा कि चौथे स्तंभ को हर जगह प्रताडित किया जा रहा है। हम लोग के बीच का कोई भी पत्रकार अगर किसी मुद्दे को अपनी कलम से चलता है तो हम लोगों के बीच का ही साथी अपने विचार प्रस्तुत किया। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि एकता यात्रा इन्हीं विसंगतियों को समाप्त करने के लिए निकाली गई है ताकि पत्रकारों में आपसी भाईचारा और मजबूत हो सके। बैठक में ए समद, पुनीत कुमार गुप्ता, हरिलाल सिंह, खालिद भाई, धीरज गुप्ता, अभयेश मिश्रा, धनन्जय शर्मा, अशोक जायसवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन अरविंद कुमार यादव ने किया।इस दौरान बिल्थरारोड के प्रतिष्ठित व्यापारी मनीष जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को फूल की मालाऐ पहनाकर उनका स्वागत किया।

# टॉस्क फोर्स करेगी जांच, एक और मुकदमा दर्ज, पीड़ितों की मदद करेगी पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पिंडरा निवासी सुखराम पटेल के अनुसार सात साल पहले इंडस वेयर कंपनी में



40 लाख निवेश किया था। लुभावने ऑफर देकर धन दोगुना का झांसा देकर ठगी की गई और 2016 में कंपनी ने अपना ऑफिस बंद कर रातों रात भाग निकली लोगों से 300 करोड़ की फ्रॉडगिरी करने वाली इंडस वेयर कंपनी पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मामले में मास्टरमाइंड समेत सात लोगों पर जहां एक और मुकदमा दर्ज किया गया है वहीं टॉस्क फोर्स को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। यही नहीं टॉस्क फोर्स पीड़ितों को उनके रुपये वापस दिलवाने में भी मदद करेगी सोमवार की रात फ्रॉड गिरोह के मास्टरमाइंड अरूणेश सीता , बाल चन्द्र समेत सात आरोपियों के खिलाफ चेतगंज थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया। पिंडरा के रहने वाले पीड़ित सुखराम पटेल की तहरीर पर यह कार्रवाई हुई है। धन दोगुना होने के झांसे पर 40 लाख किया निवेश पिंडरा निवासी सुखराम पटेल के अनुसार सात साल पहले इंडस वेयर कंपनी में 40 लाख निवेश किया था। लुभावने ऑफर देकर धन दोगुना का झांसा देकर ठगी की गई और 2016 में कंपनी ने अपना ऑफिस बंद कर रातों रात भाग निकली। कंपनी के सीएमडी अरुणेश की गिरफ्तारी के बाद पीड़ितों में न्याय की उम्मीद की किरण जागी है। पीड़ित लोगों ने संपर्क करना शुरू कर दिया है। इस कंपनी द्वारा रियल एस्टेट में जितने भी जमीन व प्रॉपर्टी खरीदी गई हैं उनका डॉक्यूमेंटेशन कराया जाएगा।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।


| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिजिरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 15 सितंबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# कार्यालय नगर पंचायत डाला बाजार जनपद- सोनभद्र



## सार्वजनिक आवश्यक सूचना

भारत सरकार का राजपत्र संख्या-178 नई दिल्ली शुक्रवार 18 मार्च 2016 में प्रकाशित अपशिष्ट प्लास्टिक नियम 2016 तथा भारत का राजपत्र संख्या-459 नई दिल्ली 12 अगस्त-2021 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन (संशोधन) नियम 2021 एवं सरकारी बजट प्रदेश के 15 जुलाई 2018 के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगर पंचायत डाला बाजार सोनभद्र के सीमान्तर्गत प्लास्टिक एवं थर्माकोल के समाग्री के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर निम्नानुसार प्रतिबन्ध लागू है।

1. 75 माइक्रोन से कम मोटाई प्लास्टिक के कैरीबैग और वस्तु 30 सितम्बर, 2021 से प्रतिबन्धित है।
2. 01 जुलाई 2022 की तारीख से निम्नलिखित सामग्री प्रतिबन्धित है।
   (1) पोलीस्टाइनरीन और विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण आयात वितरण, बिक्री और उपयोग का निषेध किया जाएगा।
   (2) प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स गुब्बरों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झण्डे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडिया पोलीस्टाइरीन (थर्माकोल) की सजावटी सामग्री।
   (3) वे कम्पोस्टिक योग्य न हो ऐसी प्लास्टिक से बनी प्लेटें कप, ग्लिास, काट चम्मच, चाकू, स्टा, टेट्ठ जैसे कटलरी, मिठाई के डब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाले फिल्में, निमत्रण कार्ड और सिंगरेट पैक, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पी0वी0सी0 बैनर, रिट्र का भी 1 जुलाई, 2022 से प्रयोग प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा।

   उक्त का प्रयोग पाये जाने पर निम्नानुसार शुल्क/जुमार्ना वसुले जाने का प्रविधान किया गया है, जो नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र में भी लागू है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक/पालीथीन/पालीबैंग तथा थर्माकोल के थाली गिलास कप, प्लेट आदि का प्रयोग कदापि न करें।

(महेन्द्र कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

सहदेव कुमार मिश्र
प्रशासक
नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

# शाहिद अफरीदी बोले- गंभीर को टीम इंडिया में कोई पसंद नहीं करता

भज्जी की प्रतिक्रिया से भड़के फैन्सपाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी ने गंभीर पर एक बार फिर तंज कसा। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत के दौरान गंभीर को लेकर कुछ ऐसा कहा, जो कि फैन्स को नगावार गुजरा। इस पर हरभजन सिंह के रिएक्शन ने फैन्स का गुस्सा और बढ़ा दिया। भारत



और पाकिस्तान की टीमें जब आमने-सामने होती हैं तो मैदान पर काफी गहमागहमी देखने को मिलती है। कई बार हीट ऑफ द मोमेंट दोनों टीमों के खिलाड़ी भिड़ भी जाते हैं। ऐसी ही एक घटना 2007 में कानपुर में देखने को मिली थी, जब पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर और भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गौतम गंभीर एक-दूसरे से मैदान पर भिड़ गए थे। आमतौर पर क्रिकेट में कहा जाता है कि जो घटनाएं मैदान पर होती हैं, उसका मैदान से बाहर जाने के बाद कोई तूक नहीं रह जाता। हालांकि, अफरीदी और गंभीर के मामले में इसके ठीक उलट है। गंभीर और अफरीदी उस घटना के बाद से कई बार सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे पर तंज कसते हुए देखे गए हैं। चाहे मामला क्रिकेट का हो या राजनीतिक, दोनों एक-दूसरे को नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। रविवार को भारत-पाकिस्तान मैच से पहले भी एक ऐसी ही घटना देखने को मिली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी ने गंभीर पर एक बार फिर तंज कसा। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत के दौरान गंभीर को लेकर कुछ ऐसा कहा, जो कि फैन्स को नगावार गुजरा। इस पर हरभजन सिंह के रिएक्शन ने फैन्स का गुस्सा और बढ़ा दिया। अफरीदी ने कहा कि भारतीय टीम में कोई गंभीर को पसंद नहीं करता। अफरीदी ने कहा- ऐसा नहीं है कि मेरी किसी भारतीय खिलाड़ी से लड़ाई हुई है। जी हां, सोशल मीडिया पर कभी-कभी गौतम गंभीर के साथ कुछ बहस भी हो जाती है। मुझे लगता है कि गौतम एक ऐसा चरित्र है जिसे भारतीय टीम में भी कोई पसंद नहीं करता है। अफरीदी के इस बयान के बाद वहां मौजूद होस्ट हंसने लगे।इस बयान पर हरभजन ने भी कोई जवाब नहीं दिया, बल्कि वह भी हंसने लगे। भारतीय टीम को भज्जी का यह रिएक्शन पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर हरभजन की आलोचना हो रही है और फैन्स ने उनसे नाराज हैं। भारतीय प्रशंसकों की ओर से कई ट्वीट भी किए गए जहां उन्होंने हरभजन द्वारा गंभीर पर अफरीदी की टिप्पणी के बाद हंसने पर निराशा व्यक्त की है। वहीं, एशिया कप 2022 के अपने पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में 147 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 43 रन की पारी खेली। भुवनेश्वर कुमार ने चार और हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिए। जवाब में भारत ने कड़े मुकाबले को 19.4 ओवर में पांच विकेट से जीत लिया। हार्दिक ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया। भारत की ओर से विराट कोहली ने 35 रन, रवींद्र जडेजा ने 29 गेंदों में 35 रन और हार्दिक पांड्या ने 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और नसीम शाह ने दो विकेट लिए।

# हार्दिक पांड्या बोले- 20वें ओवर के लिए बनाई थी खास रणनीति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** अगर जीत के लिए 15 रन भी होते तो...पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में हार्दिक ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट झटके। साथ ही तूफानी बल्लेबाजी भी की। उन्होंने 20वें ओवर में मोहम्मद नवाज की गेंद उस वक्त जीत के लिए उनके सामने 15 रन भी होते तो वह रिस्क लेने से नहीं घबराते। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में हार्दिक ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट झटके। साथ ही तूफानी बल्लेबाजी भी की। उन्होंने 20वें ओवर में मोहम्मद नवाज की गेंद पर छक्का



पर छक्का लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। भारत ने एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच के हीरो रहे हार्दिक पांड्या। हार्दिक ने तीन विकेट लेने के साथ-साथ 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मैच के बाद हार्दिक ने कहा कि उन्होंने 20वें ओवर के लिए खास रणनीति बनाई थी। अगर लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। पांड्या ने मैच के बाद कहा- इस तरह के लक्ष्य का पीछा करते हुए आप हमेशा ओवर-बाय-ओवर की योजना बनाते हैं। मुझे हमेशा से पता था कि आखिरी ओवरो में पाकिस्तान के लिए एक युवा गेंदबाज (नसीम या शाहनवाज दहानी) गेंदबाजी करेगा। साथ ही एक बाएं हाथ का स्पिनर (नवाज) भी गेंदबाजी के लिए आएगा। भारत के नंबर एक ऑलराउंडर ने कहा- हमें आखिरी ओवर में केवल 7 रन चाहिए थे, लेकिन अगर हमें 15 रन चाहिए होते तो भी मैं पूरा जोर लगाता। मुझे पता है कि 20वें ओवर में गेंदबाज मुझसे ज्यादा दबाव में रहता है। मैं चीजों को सरल रखने की कोशिश करता हूं। जहां तक गेंदबाजी का सवाल है, हार्दिक जानते थे कि उन्हें शॉर्ट बॉल फेंकनी और बल्लेबाजों को गलतियां करने देना है। हार्दिक ने कहा- गेंदबाजी में परिस्थितियों का आकलन करना और अपने हथियारों का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। मेरे लिए शॉर्ट और हार्ड लेंथ गेंदबाजी मेरी ताकत रही है। एशिया कप 2022 के अपने पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में 147 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 43 रन की पारी खेली। भुवनेश्वर कुमार ने चार और हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिए। जवाब में भारत ने कड़े मुकाबले को 19.4 ओवर में पांच विकेट से जीत लिया। हार्दिक ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया। भारत की ओर से विराट कोहली ने 35 रन, रवींद्र जडेजा ने 29 गेंदों में 35 रन और हार्दिक पांड्या ने 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और नसीम शाह ने दो विकेट लिए। भारतीय टीम अब अपने अगले मैच में 31 अगस्त को हॉन्गकॉन्ग से भिड़ेगी। वहीं, पाकिस्तान की टीम दो सितंबर को हॉन्गकॉन्ग से भिड़ेगी।

# मेरठ में स्कूल व खेल के मैदानों पर खेलों की धूम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** कहीं बास्केट बॉल तो कहीं हॉकी का जादूराष्ट्रीय खेल दिवस पर मेरठ में सोमवार को स्कूल व खेल मैदानों में खेलों की धूम है। स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद, सिस्टर एल्सी ने टीचर्स के साथ टीम बनाकर बच्चो के साथ बास्केटबॉल एवम थ्रोबॉल मैचों का आनंद लिया।बास्केटबॉल मैच में टीचर्स की और से सिस्टर गेल ने उत्कर्ष खेल का प्रदर्शन किया और



ओलंपियन की याद में विभिनन्‍ स्कूलों और स्पोर्स्ट एकेडमी व संस्थानों द्वारा खेल आयोजन किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस पर सोमवार को मेरठ में स्कूल व खेल मैदानों पर खेलों की धूम है। कैलाश प्रकाश स्टेडियम में अंडर-14 हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। वहीं सोफिया गर्ल्स स्कूल में टीचर और बच्चो के बीच में बास्केटबाल व थ्रोबाल के मैचों का आयोजन हुआ। स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद, ओलंपियन की याद में विभिन्न स्कूलों और स्पोर्स्ट एकेडमी व संस्थानों द्वारा खेल आयोजन किए जा रहे हैं। मेरठ के सोफिया गर्ल्स स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर गेल ,वाइस प्रिंसिपल सिस्टर जूली, प्राइमरी इंचार्ज सिस्टर जेनेट , केजी इंचार्ज अपनी टीम को विजय बनाया। थ्रोबॉल मैच में भी टीचर्स का दबदबा रहा और बच्चो को टीम को अत्यंत रोमांच कारी मैच में 11-8 से विजय प्राप्त की । इस अवसर पर स्कूल के समस्त विद्यार्थियों ने खेल प्रांगण में बैठ कर मैचों का आनंद लिया और दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया । मैचों के उपरांत प्रिंसिपल सिस्टर गेल ने बच्चो को खेल भावना से खेलना का व खेल को अनिवार्य रूप से अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। फिजिकल एजुकेशन टीचर अदन मिर्ज.ा ने सभी का धन्यवाद किया। स्पोट्‌र्स हेड मिर्ज.ा शहबाज़ बैग ने समस्त कार्यक्रम का संचालन किया। मैचों के मध्य में स्कूल बैंड ने अपनी मंत्र मुख्य ध्वनि से नेशनल स्पोट्‌र्स डे का समा बांधा ।

# दुबई में हुआ भारत-पाकिस्तान का हाई वोल्टेज मैच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** तस्वीरों में देखें मुकाबले का रोमांचभारत ने एशिया कप 2022 की शुरुआत जीत के साथ की है। पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में 147 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 43 रन की पारी खेली। भुवनेश्वर कुमार ने चार और हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिए। जवाब में भारत ने कड़े मुकाबले को 19.4 ओवर में पांच विकेट से जीत लिया। हार्दिक ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया। भारत की ओर से विराट कोहली ने 35 रन, रवींद्र जडेजा ने 29 गेंदों में 35 रन और हार्दिक पांड्या ने 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और नसीम शाह ने दो विकेट लिए। भारत के कप्तान रोहित शर्मा और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस के दौरान एक-दूसरे से बात करते नजर आए। दोनों ने टॉस के बाद पवेलियन लौटते समय भी बात की। रोहित और बाबर पहली बार टॉस में साथ उतरे। भारत और पाकिस्तान के मैच का इंतजार सिर्फ दोनों देशों के खिलाडियों को ही नहीं, बल्कि प्रशंसकों को भी रहता है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। इस दौरान फैंस अलग-अलग अंदाज में नजर आए। 15 के स्कोर पर पाकिस्तान को पहला झटका लगा। पारी के तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने कप्तान बाबर आजम को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराया। बाबर नौ गेंदों में 10 रन बना सके। बाबर



फिलहाल टी-20 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज हैं। उनका विकेट पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका था। 42 पर पाकिस्तान को दूसरा झटका लगा। पाकिस्तान की पारी के छठे ओवर में आवेश खान गेंदबाजी के लिए आए। उन्होंने अपने पहले ही ओवर में फखर जमान को पवेलियन भेजा। दरअसल, आवेश ने शॉर्ट बॉल फेंकी। इस पर फखर ने बल्ला लगाना चाहा। गेंद उनके बल्ले से लगकर विकेटकीपर दिनेश कार्तिक तक पहुंची। हालांकि, इस पर न तो गेंदबाज ने और न ही कार्तिक ने अपील की। हालांकि, फखर खुद ही पवेलियन लौटने लगे और खेल भावना का परिचय दिया। फखर छह गेंदों में 10 रन बना सके। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके लगाए। युजवेंद्र चहल ने गेंदबाजी तो अच्छी की, लेकिन वह विकेट नहीं ले पाए। उन्होंने चार ओवर में 32 रन दिए। चहल को एक सफलता मिल सकती थी, लेकिन उन्होंने अपनी ही गेंद पर इफ्तिखार अहमद का कैच छोड़ा था। मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 42 गेंद पर 43 रन की पारी खेली। इस दौरान चार चौके और एक छक्का लगाया। रिजवान को बल्लेबाजी के दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्हें भारतीय गेंदबाजों ने खुलकर नहीं खेलने दिया। शॉर्ट गेंद पर वह काफी असहज नजर आए। हार्दिक पांड्या ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए। हार्दिक ने मोहम्मद रिजवान, इफ्तिखार अहमद और खुशदिल शाह को आउट किया। भारत और पाकिस्तान के मैच का रोमांच हर उम्र के फैंस पर सिर चढ़कर बोलता है। लाहौर से यह तस्वीर आई है। इसमें हर उम्र के प्रशंसक एक साथ मैच देखते हुए नजर आए। भारत की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। उन्होंने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। भुवनेश्वर ने बाबर आजम, शादाब खान, आसिफ अली और नसीम शाह का विकेट लिया। भारत को पहले ही ओवर में झटका लगा। 19 साल के डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज नसीम शाह ने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर केएल राहुल को बोल्ड किया। राहुल खाता भी नहीं खोल सके। 10वें ओवर में भारत को तीसरा झटका लगा। मोहम्मद नवाज ने विराट कोहली को इफ्तिखार अहमद के हाथों कैच कराया।

# राशीफल

**मेष-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

**वृष-:** आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

**मिथुन-:** आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा

**कर्क-:** आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा. राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा और कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**सिंह-:** आज आपके मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है. आप जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, यह फायदेमंद साबित होगा।

**कन्या-:** नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**तुला-:** यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा. यदि आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल।

**वृश्चिक-:** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु-:** आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। आपको कई अवसर प्राप्त होंगे और आपको वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। प्रेमियों का समय सुखद रहेगा।

**मकर-:** आज आपको अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए. भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

**कुंभ-:** आपकी माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं. लेकिन भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**मीन-:** आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करें तो करियर ।

# आखिरी पांच ओवर में भारत को 51 रन चाहिए थे, 19वें ओवर में हार्दिक ने पलटा मैच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** लगातार 3 चौके लगाएआखिरी पांच ओवर में भारत को जीत के लिए 51 रन चाहिए थे। तब हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा क्रीज पर थे। आखिरी पांच ओवर में मैच किसी ओर भी मुड़ सकता था, लेकिन हार्दिक ने अपने इमोशंस पर कंट्रोल किया और विनिंग सिक्स लगाया। भारत ने एशिया कप 2022 की शुरुआत जीत के साथ की है। पहले मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। इस रोमांचक मैच में आखिरी पांच ओवरों में गजब का रोमांच देखने को मिला। आखिरी पांच ओवर में भारत को जीत के लिए 51 रन चाहिए थे। तब हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा क्रीज पर थे। तब ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान की टीम भारत पर हावी हो रही है, लेकिन हार्दिक के कमाल ने पाकिस्तान को हारने पर मजबूर कर दिया। आखिरी पांच ओवर में मैच किसी ओर भी मुड़ सकता था, लेकिन हार्दिक ने अपने इमोशंस पर कंट्रोल किया और विनिंग सिक्स लगाया। हार्दिक 17 गेंदों में 33 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा उन्होंने तीन विकेट भी लिए थे। इस प्रदर्शन के लिए हार्दिक को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। हम आपको आखिरी पांच ओवर के रोमांच के बारे में बता रहे हैं 16वें ओवर में हार्दिक पांड्या और जडेजा ने मिलकर 10 रन जोड़े। शहनवाज दहानी ने इस ओवर में गेंदबाजी की। इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं लगी।

# 2018 में पाकिस्तान के खिलाफ स्ट्रेचर पर बाहर आए थे हार्दिक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** चार साल बाद उसी टीम की बजाई बैंडहार्दिक ने धोनी स्टाइल में छक्का लगाकर मैच को खत्म किया। जिस वक्त हार्दिक बल्लेबाजी के लिए उतरे थे, उस वक्त भारतीय टीम मुश्किलों में थी। आखिरी पांच ओवर में जीत के लिए 51 रन चाहिए थे। ऐसे में हार्दिक ने 19वें ओवर में चौके की बरसात कर दी। फिर 20वें ओवर में बेहद कूल रहते हुए टीम इंडिया के लिए विनिंग सिक्स लगाया। भारत ने एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। टीम इंडिया के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में भी अपना जौहर दिखाया और भारत को जीत दिलाकर ही रुके। हार्दिक ने धोनी स्टाइल में छक्का लगाकर मैच को खत्म किया। जिस वक्त हार्दिक बल्लेबाजी के लिए उतरे थे, उस वक्त भारतीय टीम मुश्किलों में थी। आखिरी पांच ओवर में जीत के लिए 51 रन चाहिए थे। ऐसे में हार्दिक ने 19वें ओवर में चौके की बरसात कर दी। फिर 20वें ओवर में बेहद कूल रहते हुए टीम इंडिया के लिए विनिंग सिक्स लगाया। मैच जिताकर हार्दिक भारत के नए हीरो बन गए। हालांकि, यह बात बेहद कम लोग ही जानते होंगे कि चार साल पहले एशिया कप में ही हार्दिक गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे। उन्हें तब स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा था। हालांकि, ये यादें हार्दिक के मन में ताजा थीं और इस बार वह कोई गलती नहीं करना चाहते थे। उन्होंने न सिर्फ टीम इंडिया को जीत दिलाई, बल्कि उन पुरानी यादों को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भी हार्दिक उस रोल को अच्छी तरह नहीं निभा पाए थे। इसके बाद उन्हें टीम से भी बाहर जाना पड़ा था। हालांकि, इस साल नेशनल टीम में वापसी के बाद से हार्दिक ने कई कमाल के प्रदर्शन किए हैं। इसी का इनाम उन्हें भारतीय टीम का कप्तान बनाकर दिया गया। दरअसल, यह घटना 2018 एशिया कप के दौरान की है। तब एशिया कप वनडे फॉर्मेट में खेला गया था। 19 सितंबर 2018 को भारतीय टीम दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान के सामने थी। इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की थी। पाकिस्तान की पारी के 18वें ओवर में हार्दिक गेंदबाजी के लिए आए और बुरी तरह चोटिल हो गए थे। ओवर की पांचवीं गेंद डालने के बाद हार्दिक दर्द से कराहते हुए जमीन पर गिर पड़े थे। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आया था। उन्हें इतना दर्द था कि वह खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। तब हार्दिक को स्ट्रेचर पर बाहर ले जाना पड़ा था। स्ट्रेचर पर भी हार्दिक आंखें नहीं खोल पा रहे थे। उनके साथ उनके अजीज दोस्त राहुल खड़े थे। तब लोगों को ऐसा लगा था कि हार्दिक का करियर शायद खत्म हो जाएगा। मगर उन्होंने चोट से वापसी की और अब दुबई के ही मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच जिताकर देश के हीरो बन गए।पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में हार्दिक अनफिट होने के बावजूद खेले थे। तब वह सिर्फ बल्लेबाजी कर रहे थे और कमर में चोट के कारण गेंदबाजी नहीं कर रहे थे। हालांकि, उन्हें खिलाने को लेकर इंडियन टीम मैनेजमेंट की खूब आलोचना हुई थी। लोगों ने कहा था कि हार्दिक को प्लेइंग-11 में जगह नहीं देनी चाहिए थी। इसके बाद हार्दिक को भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। लोग कहने लगे कि हार्दिक का करियर अब शायद खत्म हो गया। हालांकि, इस दौरान हार्दिक ने नेशनल क्रिकेट अकेडमी में जमकर मेहनत की। पूरी तरह फिटनेस हासिल की और आईपीएल से मैदान पर वापसी की।आईपीएल में उन्हें गुजरात टाइटंस का कप्तान बनाया गया और उन्होंने अपने फ्रेंचाइजी को निराश नहीं किया। हार्दिक ने अपनी टीम को चैंपियन बनाया। इतना ही नहीं लीग में उन्होंने बल्ले और गेंद, दोनों से जबरदस्त प्रदर्शन किया। हार्दिक ने आईपीएल में 487 रन बनाए। साथ ही फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने कुल आठ विकेट भी लिए। इस जबरदस्त प्रदर्शन के बाद उन्हें इस साल जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम में शामिल किया गया। इसके बाद हार्दिक ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले महीने खेली गई टी-20 सीरीज जिताने में भी अहम भूमिका निभाई थी। हार्दिक अब टीम इंडिया के लिए हर मर्ज की दवा बन गए हैं। बैटिंग, बॉलिंग से लेकर मैच फिनिशर तक के रोल में हार्दिक भारतीय टीम के लिए अहम कड़ी साबित हो रहे हैं।



# पाक पर जीत के लिए टीम इंडिया को PM मोदी ने दी बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** खिलडियों ने शानदार कौशल व धैर्य दिखायापीएम मोदी ने ट्वीट किया कि टीम इंडिया ने आज के एशिया कप 2022 मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टीम ने शानदार कौशल और धैर्य का परिचय दिया। जीत पर उन्हें बधाई। एशिया कप 2022 में अपने पहले मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया है। भारत के जीतते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों की बाढ़ आ गई। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को हराने पर भारतीय टीम को बधाई दी है। अमित शाह ने कहा- टीम इंडिया की शानदार शुरुआत भारत की जीत पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी ट्वीट किया उन्होंने कहा कि एशिया कप में टीम इंडिया की शानदार शुरुआत। यह एक ऐसा नेल बाइटिंग मैच था। इस शानदार जीत के लिए पूरी टीम को बधाई। राहुल गांधी बोले- क्या रोमांचक मैच है राहुल गांधी ने ट्वीट किया, क्या रोमांचक मैच है! अच्छा खेला, टीमइंडिया खेलों की सुंदरता यह है कि यह देश को कैसे प्रेरित और एकजुट करता है - बहुत खुशी और गर्व है। सीएम योगी ने दी टीम इंडिया को बधाई सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा कि अद्भुत विजय! भारतीय क्रिकेट टीम ने आज अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को हराकर एशिया कप में अपने सफर का शानदार शुभारंभ किया है। हार्दिक बधाई टीम इंडिया! विजय का यह क्रम अनवरत चलता रहे, यही कामना है। भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया भारत ने एशिया कप 2022 की शुरुआत जीत के साथ की है। पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में 147 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 43 रन की पारी खेली। भुवनेश्वर कुमार ने चार और हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिए। जवाब में भारत ने कड़े मुकाबले को 19.4 ओवर में पांच विकेट से जीत लिया। हार्दिक ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया। भारत की ओर से विराट कोहली ने 35 रन, रवींद्र जडेजा ने 29 गेंदों में 35 रन और हार्दिक पांड्या ने 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और नसीम शाह ने दो विकेट लिए। भारत को जीत के लिए आखिरी तीन ओवरों में 32 रन की जरूरत थी और भारतीय बल्लेबाजों ने दो गेंद रहते यह लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने लिया बदला भारत ने एशिया कप में लगातार चौथी बार पाकिस्तान को हराया है। इससे पहले 2016 में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। इसके बाद 2018 एशिया कप में टीम इंडिया ने पहले मैच में 8 विकेट और दूसरे मैच में नौ विकेट से हराया था। इसके साथ ही भारत ने 2021 की हार का बदला ले लिया है।


# सम्पादकीय

## न्यायिक सुधारों का रोडमैप: अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित

देश की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से एक लाख मुकदमे 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 59 लाख मामले लंबित हैं, जिनमें से 13 लाख मुकदमे दस साल से ज्यादा पुराने हैं। गरीबी, भूख, असमानता और अर्थव्यवस्था में कमजोरी के लिए परंपरागत तौर पर नेताओं और अधिकारियों को कोसने का रिवाज है। पर प्रधानमंत्री, कानूनमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों के बयानों के निहितार्थ को संजीदगी से समझा जाए, तो इसके लिए न्यायपालिका भी जिम्मेदार है। व्हाट्सऐप से फटाफट मैसेज, ऑनलाइन डिलीवरी और बैंकिंग के चुस्त सिस्टम के दौर में भी भारत की अदालतों में दामिनी फिल्म के तारीख पे तारीख का डायलॉग गूंज रहा है। देश की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से एक लाख मुकदमे 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 59 लाख मामले लंबित हैं, जिनमें से 13 लाख मुकदमे दस साल से ज्यादा पुराने हैं। वर्ष 2016 की एक रिपोर्ट के अनुसार, निचली अदालतों में मुकदमेबाजी से प्रति व्यक्ति औसतन 1,300 रुपये प्रतिदिन का नुकसान होता है। समस्या का सरलीकरण करते हुए कानूनमंत्री किरण रिजिजू ने इसे जागरूक समाज की निशानी बताते हुए कहा है कि जज 50 मामले निपटाते हैं, तो 100 और मुकदमे आ जाते हैं। लेकिन नए मुकदमों पर ताबड़तोड़ सुनवाई और पुराने मामलों पर तारीख बढ़ना जागरूक समाज के बजाय न्यायिक व्यवस्था के पराभव की निशानी है। इसीलिए 139 देशों की रूल ऑफ लॉ के वैश्विक इंडेक्स में दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से भारत 79वें पायदान पर है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ 2.5 फीसदी मुकदमे लिए जाते हैं। लेकिन पीआईएल, मुकदमों और अपीलों में जजों द्वारा रूटीन नोटिस जारी करने के फैशन से समाज में मुकदमेबाजों का बड़ा वर्ग तैयार हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय के जज संजय किशन कौल के अनुसार, हर मुकदमे में अपील के उदार सिस्टम से मुकदमेबाजी को इसी तरीके से बढ़ावा देना जारी रहा, तो लंबित मामलों का अगले 500 वर्षों में भी निपटारा मुश्किल है। करोड़ों परिवारों, समाज और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले इस नासूर के सही इलाज के लिए जजों की संख्या बढ़ाने के सरल नुस्खे के बजाय मर्ज की तह तक जाना जरूरी है। पहली बात यह कि संपन्न लोगों के मामलों के जल्द निपटारे के लिए कॉमर्शियल, इनसॉल्वेंसी और मध्यस्थता कानून के तहत विशेष कानून बन गए हैं। लेकिन आम जनता से जुड़े दीवानी, राजस्व और फौजदारी मामलों में मुकदमों के निपटारे के बजाय फाइलों की मोटाई बढ़ाने और तारीख देने पर ज्यादा जोर रहता है। संविधान के तहत जल्द और सुलभ न्याय मिलने के हक को सुनिश्चित करने के लिए कोरे आश्वासन के बजाय संसद से नए कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि विधि आयोग ने वर्ष 1987 में 120वीं रिपोर्ट में कहा था कि देश में प्रति 10 लाख लोगों पर 50 जज होने चाहिए। उसके बाद से न्यायिक व्यवस्था के हर मर्ज के लिए जजों की कमी की दुहाई दी जाती है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में वर्ष 1950 के कुल सात जजों की तुलना में अब 34 जज हो गए। इसके बावजूद फैसलों की दर का 43 फीसदी से घटकर 25 प्रतिशत होना चिंताजनक है। कॉलेजियम सिस्टम के तहत उच्च न्यायालय में सैकड़ों जजों की भर्ती पिछले एक साल में हो गई, लेकिन निचली अदालतों में जजों के 5,343 पद खाली हैं। इसलिए उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में जजों की सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ जिला अदालतों में जजों के रिक्त पदों पर भर्ती करने और बुनियादी व्यवस्था ठीक करने के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे। तीसरी बात यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लंबित मामलों के जल्द निपटारे के साथ 3.5 लाख विचाराधीन कैदियों की रिहाई की बात कही है। लंबित मुकदमों में 70 फीसदी से ज्यादा मामले फौजदारी से जुड़े हैं। थानों में गलत एफआईआर दर्ज करने पर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती। संविधान और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के अनुसार, बेल (जमानत) नियम है और जेल अपवाद। ट्रायल कोर्ट और जिला अदालतों के मजिस्ट्रेट रसूखदारों को बेल और गरीबों को जेल भेजने का रूटीन आदेश दे देते हैं।

## बाधाएं हो रहीं दूर, प्रोत्साहन से दिखेगा परिवर्तन

सरकार ने खिलौना उद्योग को देश के 24 प्रमुख सेक्टर में स्थान दिया है। खिलौना मेलों के आयोजन से इस उद्योग को भारी प्रोत्साहन मिला है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्रालय की स्फूर्ति स्कीम के तहत देश में 19 टॉय क्लस्टर को मंजूरी दी गई है, जिनमें बड़ी संख्या में सूक्ष्म स्तर के खिलौना निर्माता काम कर रहे हैं। देश में खिलौना उद्योग का परिदृश्य अनुकूल दिखाई दे रहा है। पिछले चार साल में खिलौनों का आयात जहां लगातार घटा है, वहीं खिलौनों का निर्यात बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने



हाल ही में 91वें 'मन की बात' कार्यक्रम में यह बात रेखांकित की है कि पिछले तीन-चार साल में खिलौना उद्योग का रणनीतिक विकास कर अपना देश वैश्विक बाजार की जरूरतें पूरी करने में अहम भूमिका निभा रहा है। तीन-चार साल पहले तक भारत में बिकने वाले 85 प्रतिशत खिलौने आयात किए जाते थे, पर अब अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पश्चिम एशिया, इंडोनेशिया, मंगोलिया, केन्या, न्यूजीलैंड, जापान, दक्षिण कोरिया आदि को भारत से खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। आज भारतीय खिलौना निर्माता ग्लोबल टॉय ब्रांड के प्रमुख निर्माता के रूप में दुनिया भर में चिह्नित किए जा रहे हैं और वे हसब्रो, हैमलेज, स्पीन मास्टर, ड्रैगन, शिफू, हार्नबाइ, एमजीए, आइएमसी और गोल्डन बियर जैसे वैश्विक ब्रांड के लिए खिलौने तैयार कर रहे हैं। कोरोना की चुनौतियों के बीच सरकार वोकल फॉर लोकल व आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत खिलौना उद्योग को अधिकतम प्रोत्साहन देने तथा खिलौना बाजार से चीन के खिलौनों को हटाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ी है। इसमें गुणवत्तापूर्ण खिलौनों के उत्पादन पर ध्यान दिया गया है। वर्ष 2019 में सर्वे में पाया गया कि भारतीय बाजार में उपलब्ध अधिकांश खिलौने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) के मानकों को पूरा नहीं करते। तब यह भी पाया गया कि देश में घटिया स्तर के और खतरनाक खिलौनों का आयात हो रहा है। ऐसे में, दिसंबर, 2019 में विदेश व्यापार महानिदेशालय ने आयातित खिलौनों की सैंपल जांच अनिवार्य कर दी। वर्ष 2020 में खिलौना गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किया गया। नतीजतन अब अधिकांश खिलौने गुणवत्ता के मापदंड पूरे करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ वर्ष पहले तक बाजार में उपलब्ध अधिकांश ऑनलाइन और डिजिटल गेम भारतीय अवधारणाओं पर आधारित नहीं थे और कई गेम हिंसा और मानसिक तनाव को भी बढ़ावा दे रहे थे।


# कार्यालय नगर पंचायत ओबरा-सोनभद्र

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## नगर पंचायत ओबरा की ओर से सभी जनपद वासियो को शुभकामनाऐं एवं नगर वासियो से निम्न अपेक्षाये करती है-

1. बेटी है स्वर्ग की सीढ़ी वो पढ़ेगी, तो बढेगी अगली सीढ़ी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ।
2. यह नगर आपका है इसे साफ-सुथरा स्वच्छ बनाए रखनें मे नगर पंचायत को अपना सहयोग प्रदान करें ।
3. प्लास्टिक के थैले का प्रयोग कदापि न करें।
4. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचायें ये निशाकाल सहयोगी पथ प्रदर्शक है।
5. अपने नगर को प्रदूषण रहित रखे। खुले मे शौच न करे। अपने घरों में शौचालय बनवायें। शौचालय की पाईप सीधें नालियों में न जोडें सीढ़ी कूड़ा उठाने के बाद सडकों पर कूड़ा न फेंके ।
6. सार्वजनिक भूमि, सड़कों पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें
7. जल ही जीवन है। व्यर्थ में इसे बर्बाद न करे। जल लेने के उपरान्त टोटी को हमेशा बन्द रखें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण नगर पंचायत, ओबरा-सोनभद्र मे अवश्य करावें।
9. नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासो मे सहयोग कर नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनायें ।
10. अपने पालतु जानवरों (गाय व अन्य) को सड़क पर खुला ना छोड़े।
11. डोर टू डोर कूडा कलेक्शन हेतु सफाईकर्मीयों द्वारा घरो से कुडा दने मे अपना सहयोग करे ।

यह नगर आपका है । इसे सुन्दर एवं स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।

**अमित कुमार सिंह**
**अधिशासी अधिकारी**
**ओबरा सोनभद्र, उ0प्र0**

**प्राण मति देवी**
**नगर पंचायत अध्यक्ष**
**ओबरा सोनभद्र, उ0प्र0**

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष सचिव गृह विभाग विवेक ने किया बुविवि के छात्रों को संबोधित

( आधुनिक समाचार सेवा )
**झाँसी।** बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इननेवेशन काउंसिल और महिला अध्ययन केंद्र द्वारा उद्यमिता एवं नवाचार विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन गांधी सभागार में किया गया। इस अवसर पर विशेष सचिव गृह विभाग उत्तर प्रदेश शासन, विवेक ने कहा कि जिज्ञासा शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही वैचारिक स्तर पर चेतना एवं स्वभाव में विनम्रता ऐसे गुण हैं जिससे छात्र समाज में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूर्व कालिक वर्ण व्यवस्था की जगह वर्ग व्यवस्था ने ले ली है। वर्गीय मानसिकता को बदलने के लिए प्रत्येक कार्य को सम्मान पूर्वक रूप से देखना होगा। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। स्वागत उद्बोधन महिला अध्ययन केंद्र की संयोजक डॉ अचला पांडे एवं विषय की प्रस्तावना प्रोफेसर डी के भट्ट ने रखी। इसके साथ ही कुलसचिव विनय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर, आईआईसी संयोजक प्रोफेसर एमएम सिंह ने भी छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पूनम पुरी प्रोफेसर पुनीत बिसारिया, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, डॉ शिल्पा मिश्रा, डॉ नेहा मिश्रा, डॉ संतोष पाण्डेय, डॉ श्रीहरि त्रिपाठी, डॉक्टर संगीता डॉ अजय गुप्ता, उपस्थित रहे।

# झाँसी मण्डल के 43 चिकित्सालयों को राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर लाने की कवायद शुरू

( आधुनिक समाचार सेवा )
**झाँसी।** मण्डल के चुने हुये 43 चिकित्सालयों को राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर लाकर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिये मण्डलायुक्त संजय गोयल ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स



स्टैन्डर्ड सर्टिफिकेशन कराये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिला चिकित्सालयों, मण्डल की प्रत्येक तहसील से एक पी.एच.सी. या सी.एच.सी. एवं हर ब्लाक से एक-एक हैल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर को पृथम चरण में चयनित किया गया है। इन सभी स्वास्थ्य इकाईयों की सेवाओं में भारत सरकार की चेकलिस्ट के अनुसार आवश्यक सुधार कराने के लिये रोडमैप बनाया गया है जिससे समयबद्ध तरीके से कार्यवाही पूर्ण करायी जायेगी और दिसम्बर 2022 तक इन चिकित्सालयों के राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के लिये जिला स्वास्थ्य समितियों द्वारा भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे जायेंगे। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारियों को जारी किये निर्देशों में कहा है कि इन चिकित्सालयों के मानक बिन्दुओं के अनुसार आवश्यक सुधार की कार्यवाही की जाये तथा स्वास्थ्य विभाग को सहयोग देने व अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्यों को समय पर पूरा कराने के लिये जिला प्रशासन के जिला/तहसील स्तरीय अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपा जाये। एन.क्यू.ए.एस. लागू कर चिकित्सा इकाइ्यों की न सिर्फ भौतिक रूप से तस्वीर बदलेगी बल्कि आने वाले मरीजों को संतुष्टि प्रदान करना भी इस पहल का मुख्य उद्देश्य होगा। अभी तक इस प्रक्रिया में कम ही चिकित्सालय भाग लेते थे जिसकी वजह से पिछले तीन-चार वर्षों में मण्डल की मात्र चार चिकित्सा इकाईयों ने एन.क्यू.ए.एस. सर्टिफिकेशन के लिये आवेदन किया था। मण्डलायुक्त की इस पहल से अब चिकित्सालयों को भाग लेना अनिवार्य किया जा रहा है ताकि चरणबद्ध तरीके से चिकित्सा इकाईयों दशा में व्यापक सुधारा लाया जा सके है। मण्डलायुक्त ने मण्डल स्तर पर इस कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग के लिये एक टीम गठित की है जिसमें मण्डलीय परियोजना प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आनन्द चौबे, डॉ. राजेश पटेल व डॉ. मनीष खरे को सदस्य बनाया गया है। यह टीम मण्डलायुक्त साप्ताहिक कार्य प्रगति से अवगत करायेगी। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन सर्वेश कुमार दीक्षित उपस्थित रहे। एन.क्यू.ए.एस. सर्टिफिकेशन हेतु प्रथम चरण में झाँसी जनपद की 15, जालौन की 16 व ललितपुर की 13 चिकित्सा इकाईयाँ चयनित की गयीं। सितम्बर व अक्टूबर में अभियान चलाकर गैप क्लोजर की कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी चयनित चिकित्सा इकाईयों के एक-एक प्रशासनिक नोडल अधिकारी नामित करेंगे जो समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने के लिये उत्तरदायी होंगे। मण्डलायुक्त प्रत्येक माह कार्यप्रगति जानने के लिये प्रस्तुतिकरण देखेंगे। अन्तर्विभागीय समन्वय के कार्यों की जिलाधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग होगी तथा श्रेष्ठ कार्य करने वालों को मण्डलायुक्त सम्मानित भी करेंगे। 30 नवम्बर 2022 तक मानक के अनुसार सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# भूपेंद्र सिंह चौधरी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद पूरे प्रदेश में जश्न का माहौल

( आधुनिक समाचार सेवा )
**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश भवन पहुँच कर नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दे रहें हैं नोएडा जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ उनको बधाई देने पहुँचे। साथ ही वो प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्र राज्य मंत्री संजीव बलियान, नोएडा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, सांसद सतीश गौतम से भी मिले। जिले से प्रभारी बसंत त्यागी, महामंत्री उमेश त्यागी, गनेश जाटव, डिम्पल आनंद, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, मंत्री चमन अवाना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, ग्रामीण विकास मोर्चा अध्यक्ष लोकेश यादव, राजीव त्यागी, नरेश शर्मा, मनोज शर्मा, शिवंश श्रीवास्तव, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 26वी अंतरवाहिनी पीएसी पूर्वी जोन फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

( आधुनिक समाचार सेवा )
**झाँसी।** राजगढ़ स्थित 33वीं वाहिनी पीएसी में दिनांक 27/08/2022 को 26वीं अंतरवाहिनी पीएसी पूर्वी जोन फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ, सेनानायक के0पी0 यादव की अध्यक्षता में प्रारंभ हुए पहले फुटबॉल मैच में सेनानायक द्वारा मैदान में फुटबॉल को किक मारकर



उद्घाटन किया गया। 26वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन फुटबॉल प्रतियोगिता वर्ष 2022 का पहला मैच 20वीं वाहिनी आजमगढ़ और 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के मध्य खेला गया जिसमें पीएसी वाराणसी विजयी रही, द्वितीय मैच 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर व 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र के मध्य खेला गया जिसमें पीएसी सोनभद्र ने जीत हासिल की, तीसरा मैच 33वीं वाहिनी पीएसी झाँसी बनाम 04वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज के मध्य खेला गया जिसमें 33वीं वाहिनी 02 गोल करके विजयी रही। 33वीं वाहिनी टीम की तरफ से अखिलेश परमार व योगेश कर्ण ने एक-एक गोल करके टीम को विजायी बनाया तथा दिन का चौथा और आखिरी मैच 39वीं बनाम 34वीं के बीच खेला जिसमे आरक्षी अमित द्वारा 02 गोल किए और 34वीं वाहिनी की टीम को मैच जिताया।शेष टीम के मैच कल प्रातः खेले जाएंगे। इस अवसर पर सहायक सेनानायक राहुल पाण्डेय, सैन्य सहायक कर्ण सिंह यादव, शिविरपाल विजय राज सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक अरविन्द कुमार राय व प्रतिभाग करने आए समस्त टीमों के टीम मैनेजर, कोच व समस्त खिलाडी तथा वाहिनी के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# फर्जी मदरसों के नाम पर किया जा रहा लाखों का गबन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**झाँसी।** मोहम्मद कलाम कुरेशी राष्ट्रीय सचिव ऑल ऑल इंडिया जमीअतुल के नेतृत्व में 1 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम एडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कुरेश बहार ओरछा गेट कपूर टेकरी कसाई मंडी क्षेत्र के निवासी गण है और सदियों से उक्त मोहल्ले में निवास करते आ रहे हैं शिक्षा के नाम पर बीस हजार की आबादी शून्य है एक भी सरकारी बेसिक पाठशाला और मदरसा संचालक नहीं है। छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा के लिए तरस रहे है और महंगाई के दौर में परिजनों अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में नहीं पढ़ा पा रहे हैं एवं शिक्षित ना होने के कारण मोहल्ले वासी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए तरस रहा है शिक्षा ना होने के कारण लोग सरकार की जन कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं क्योंकि असी परसेंट लोग शिक्षित नहीं है किसी तरह की कोई सुविधा स्कूल मदरसा संचालक नहीं है फिर भी जानकारी के अनुसार कुछ मदरसा माफियाओं ने फर्जी कूटनीतिक तरीके से मोहल्ले नाम से एक दर्जन से अधिक फर्जी मदरसे संचालक दिखाकर सरकार को पित्ती महीने लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं जबकि एक भी उक्त मोहल्ले में मदरसे संचालक ना होने के कारण 6 साल से लेकर 10 12 13 14 18 साल तक के बच्चे शिक्षा और तालीम के लिए तरस रहे हैं ज्यादातर बच्चे दुकानों मोटर पार्ट्स मेहनत मजदूरी करने के लिए मार्केट में जाते हैं एवं कुछ बच्चे कचरा बीनने का काम करते हैं परिजनों में आर्थिक कमजोरी की वजह से वह अपने परिवार बच्चों को उचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं ऐसे में सरकारी स्कूल मदरसा ना होने के कारण बीस हजार की आबादी शिक्षा और रोजगार के लिए तरस रही है इस मामले में जिलाधिकारी से मामले को गंभीरता से उठाते हुए निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है एवं सुन सरकारी स्कूल एवं मदरसे संचालक किए जाएं जिससे शिक्षा से वंचित आबादी को उचित शिक्षा मिल सके और विकास के रास्ते उक्त मोहल्ले से खोलें। ज्ञापन के दौरान बबलू आजाद, शाहरुख खान, आरिफ कुरैशी, सैयद अमीर अली, मुस्तकीम, बबलू कुरैशी, चौधरी रईस कुरैशी, राजू, सद्दाम अली, एडवोकेट शाहिद खान, अफसर कुरेशी, राशिद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# नौकरी के लिये रुपये लेकर ले रहे थे आवेदन, पुलिस जाँच में जुटी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**झाँसी।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर आज कल ठगी का खेल चल रहा है। बाहर से आने वाली कंपनियां होटलों में रूम लेकर एक विज्ञापन प्रकाशित कराती हैं और दूसरे दिन युवाओं की नौकरी पाने की लालसा में भीड़ लग जाती है। इसके बाद कंपनियां युवाओं का पैसा बटोर कर भाग जाती है फिर युवा पुलिस थाने के चक्कर काटते रह जाते हैं। ऐसा ही प्रकरण गुरुवार को पुलिस के संज्ञान में आया। जहाँ एक होटल में रूम लेकर ठहरे दो व्यक्ति एक हजार रुपया लेकर बीस हजार की नौकरी दे रहे थे। फिलहाल पुलिस ने उनके सारे दस्तावेज कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक नवाबाद थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास बने लॉज में दो युवक एक कमरा लेकर गुजरात की किसी कंपनी का कार्यालय खोले हुए थे समाचार पत्र में रोजगार देने का विज्ञापन प्रकाशित कराया गया। विज्ञापन प्रकाशित होते ही गुरुवार को उस होटल के बाहर बेरोजगार युवाओं की लंबी लाइन लग गई। बताया जा रहा है की कंपनी वालों ने बताया की उनका नेशनल हाईवे से कॉन्ट्रेक्ट है। जिसमें पारीछा से लेकर मोंठ तक एनएच पर काम करने के लिए युवाओं की जरूरत है, उसी की भर्ती के लिए वह लोग आए है और इंटरव्यू लेकर फाइनल कर रहे हैं। युवाओं ने बताया की हर बच्चे से इन्टरव्यू के बाद एक हजार, आठ सौ और पांच सौ रुपया लिया जा रहा है जिसकी कोई रसीद नहीं दी जा रही बस वह लोग उसे अपने रजिस्टर में एंट्री कर रहे हैं। इस सूचना पर पहुँची नवाबाद पुलिस ने जांच पड़ताल की और रुपये एंट्री तथा फॉर्म कब्जे में लेकर दोनों से पूछताछ शुरू कर दी। लेकिन वह दोनों युवक एनएच से कंपनी कॉन्ट्रेक्ट का कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके।

# सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का अभियान

( आधुनिक समाचार सेवा )
**नोएडा।** सेक्टर 29 मीडिया क्लब में एक प्रेसवार्ता मे नारी शक्ति नोयडा महानगर की सह प्रमुख डॉ वेणु संगल ने कहा कि भारत सरकार ने 1 जुलाई 2022 से पूरे देश में एक बार प्रयोग में आने वाली प्लास्टिक को निर्माण करने ,उसको रखने ,वितरण करने और उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।सिंगल यूज प्लास्टिक आमतौर पर ऐसी वस्तुएं होती हैं जिन्हें केवल एक बार इस्तेमाल करने के बाद फेंक दिया जाता है। देश में 34 लाख टन सालाना निकलने वाला प्लास्टिक कचरा




एक चुनौती है।प्लास्टिक मिट्टी की गुणवत्ता और पानी को प्रदूषित करता है।हम सब हमारे घरों से निकल रहे सिंगल यूज़ प्लास्टिक को अलग करके पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं, क्योंकि प्लास्टिक को पूरी तरह नष्ट होने में अनेकों वर्ष लग जाते हैं। इस महत्वपूर्ण विषय पर सामान्य जनमानस का ध्यान आकृष्ट करना ही हम सब का उद्देश्य है। प्रान्त सह प्रमुख रीना त्यागी ने कहा कि हमे सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने हेतु घर घर सम्पर्क करना होगा और महिलाए इस अभियान में अधिक से अधिक जुड़े उसके लिए उन्हें प्रेरित करना होगा महिलाये अगर अपने घर से ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक को अलग कर देंगी तो यह पर्यावरण बचाने में उनका बहुमूल्य योगदान होगा समाजसेवी एवं राजनीतिज्ञ सुश्री शारदा चतुर्वेदी ने कहा कि भले ही हम सब इस अभियान में देर से सक्रिय हुए है परंतु सब के सामूहिक प्रयास से हम 51000 परिवारों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त करने में अवश्य सफल होंगे।नोएडा को 5 भाग और 15 नगरों में बांटकर 2500 पर्यावरण मित्रो की टोली खड़ी करेंगे जो घर घर जा कर समाज को जागृत करने का कार्य करेंगी।कोरोना काल मे पर्यावरण के प्रति जो जागरूकता समाज मे आयी है वह इस अभियान को सफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी सरकार के अर्थ दंड के बाबजूद भी जो प्लास्टिक फैक्ट्रीज में निर्माण और वितरण हो रहा है उसके विरुद्ध पर्यावरण प्रेमियों के द्वारा अभियान चलाये जाने की आवश्यकता महसूस की गई।क्योंकि बिना निर्माण बद कराए हम अपना स्वच्छ पर्यावरण का लक्ष्य प्राप्त नही कर सकते है।।उन्होंने यह भी कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक से होने वाली घातक बीमारियों से लाखो इंसानो की जानें जा रही है व एक आम इंसान की कमाई का बड़ा हिस्सा हॉस्पिटल व डॉक्टर्स के पास खर्च हो जाता है पर्यावरण प्रेमी सुश्री शैल माथुर ने बताया कि वह पिछले कई वर्ष से सिंगल यूज़ प्लास्टिक को परिवार स्तर पर ही रोज़ इकट्ठा करने का कार्य कर रही है।इसके लिए दूध की थैली को कोने से काटकर दूध निकालकर उस थैली को एक मास तक प्लास्टिक की बोतल में डालकर ,और इसमे चॉकलेट,नमकिंन,बिस्कुट के रैपर्स डालकर ,इको ब्रिक बनाने का कार्य कर रही है।इन इको ब्रिक्स को रीसायकल करने और पार्क की सुंदर क्यारियां आदि बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा है। फोनरवा के अध्यक्ष श्री योगेंद्र शर्मा ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित है।उन्होंने कहा कि इस सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिये वह महानगर की सभी रेजिडेंट वेलफेयर संगठनों को भी प्रेरित करेंगे और इस राष्ट्र प्रेरणा यज्ञ में अपना हर प्रकार का सहयोग देंगे। महानगर की पर्यावरण नारी शक्ति प्रमुख सुश्री अंजली शर्मा ने कहा कि अगर हमने अपनी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देना है तो आज वृहद स्तर पर जनजागरण अभियान चलाना ही होगा। उन्होंने बच्चों को आव्हान करते हुए कहा कि वह अपनी ऊर्जा धरती से सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त करने के लिए अपने परिवार के सभी सदस्यों को प्रेरित करें प्रसिद्ध वकील और पर्यावरण मित्र सुश्री दीपा जैन जी ने बताया कि नई टेकनेलॉजी में इस प्लास्टिक को गलाने के बदले मिटी के कृमि की तरह कीड़े डालकर भी समाप्त किया जा सकता है। पर्यावरणविद सुश्री दीपाली जी ने बताया की जैसे शरीर के लिए भोजन जरूरी है उसी प्रकार स्वच्छ वायु सांस लेने के लिये आवश्यक है। अगर वायु रुक जाए तो तो तुरंत जीवन लीला समाप्त हो जाती है।उन्होंने यह भी कहा कि सभी को इक्कठा होकर सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस अभियान में एक चेन के रूप में कार्य करना होगा राष्ट्र सेविका समिति महानगर सह पर्यावरण प्रमुख ने कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक को अगर खत्म करना है तो स्वयं के घर से ही शुरू करना होगा।उन्होंने कहा अच्छा हो हम जब भी बाजार जाए अपने साथ कपड़े का थैला ले कर जाएं।

# सेक्टर 12 मे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन............

( आधुनिक समाचार सेवा )
**नोएडा।** लोक मंच कथा रवि वूमेन हॉस्पिटल, सेक्टर 35 के सौजन्य से आज नोएडा दवा बैंक, सेक्टर 12 में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। यह दवा बैंक नोएडा लोक मंच द्वारा संचालित है तथा इसमें डॉक्टर का पर्चा दिखाने पर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया जाता है। इस



कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की जांच निशुल्क की गई तथा महिला रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट तथा सामान्य परामर्श के लिए डॉक्टर उपलब्ध रहे। सेक्टर 12 व अन्य सेक्टरों से भी अनेक निवासियों ने अपनी जांच करवाई। दवा बैंक से निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। कैंप में 246 लोगों की जांच की गई व परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। नोएडा लोक मंच द्वारा विभिन्न मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर जन सुविधा के लिए निशुल्क जांच व परामर्श के कैंप लगाए जाते हैं लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना ने बताया की भविष्य में भी लोगों की सुविधाओं के लिए इस प्रकार के कैंप लगाए जाते रहेंगे जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचे। सभी आमजन से यह अपील भी की कि घर में बची हुई दवाइयों को नोएडा लोक मंच के द्वारा संचालित दवा बैंक में दान करें जिससे दवाइयों का उपयोग जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए किया जा सके। कैंप में महेश सक्सेना, आर एन श्रीवास्तव, श्रीमती इंद्रा चौधरी, श्रीमती लीका सक्सेना, श्रीमती विभा बंसल,मनीषा, लोक मंच दवा केन्द्र के डा अनूप गुप्ता, डा राजेंद्र प्रसाद, डा सरकार, डा ऋतु त्रिपाठी, डा वर्षा, राकेश,ब्रजेंद्र,वीरेंद्र व रविंद्र आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नोएडा के ट्वीन टावर को बारूद से गिराने पर गर्भवती माताओं के बच्चे अंधे-बहरे पैदा होने का खतरा.......

( आधुनिक समाचार सेवा )
**नोएडा।**सेक्टर 93 सुपरटेक ट्वीन टावर को बारूद से गिराने पर गर्भवती माताओं के बच्चे अंधे-बहरे पैदा होने का खतरा बन सकता है। सवीच्च न्यायालय के वकील ए पी सिह ने एक याचिका लगायी है। सवीच्च न्यायालय में याचिका



लगाकर वकील ए पी सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय से गुहार लगायी की नोएडा के ट्वीन टावर बारूद से न गिराये। इससे गर्भवती माताओं के बच्चे अंधे-बहरे पैदा होने का बहुत बड़ा खतरा है। सर्वोच्च न्यायालय में पटाखें के खिलाफ लगायी गयी याचिका में पहले से ही पक्षकार पटाखों के समर्थक यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल और खटिक चर्मकार बाल्मिकी धर्मरक्षक सेना के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र के वकील ए पी सिंह ने याचिका में कहा है कि इसी 28 अगस्त को सुपर टेक के 2 टावर एपेक्स और सियान को नोएडा प्रशासन द्वारा 4 हजार किलो बारूद से उड़ाने की जबरदस्त तैयारी चल रही है। इससे धूल का एक बहुत बड़ा गुब्बार उठेगा। यह 4000 किलो बारूद लगभग 2 बीघा क्षेत्र में केवल 9 सेकंड में फटेगा। जबकि इतना बड़ा बारूद दीपावली पर 9 सेकेंड में पूरी दिल्ली में कभी नहीं फटता। संभावना है कि इससे उठने वाला धूल का गुबार हमारे छोटे-छोटे बच्चों के फेफड़ों को जाम कर देगा। इस बारूद के विस्फोट से अमोनिया और नाइट्रस आक्साइड जैसी विषैली गैसे रिहायशी इलाकों में फैलेगी। जिससे न केवल छोटे-छोटे बच्चों की आखों में जलन होगी बल्कि हमारी माताओं के गर्भाश्य में पल रहे बच्चों के आंखों से अंधा होने की पूरी संभावना है। यही नहीं इससे ध्वनि प्रदूषण भी मानक ध्वनि प्रदूषण से कई गुना ज्यादा होगा। जिससे ध्वनि प्रदूषण के प्रति गहन संवेदनशील बच्चों के कान के पर्दे फटने की पूरी संभावना है। याचिका में कहा गया कि सुपर टेक के ट्वीन टावर बनाने में जिन लोगों ने धोखाधड़ी की है उसकी सजा उन लोगों को घरों से बेघर करके दी जा रही है, जिनका इस धोखाधड़ी से दूर-दूर का भी सम्बन्ध नहीं है। चातुर्मास में किये जा रहे इस विस्थापन से हिन्दुओं की धार्मिक भावनायें आहत हो रही है। इतना ही नहीं कोरोना काल में आर्थिक रूप से हुए नुकसान को देखते हुए इस न्यायालय को यह भी देखना चाहिये कि गिराये जा रहे ट्वीन टावर की प्रत्येक सामग्री का फिर से इस्तेमाल हो। ट्वीन टावर में लगे दरवाजे, खिड़कियां, रेलिंग, पाइप आदि खुलने वाले सामान का उपयोग फिर से भवन सामग्री के रूप में किया जा सकता है। इन टावरों से ध्वस्त करने से जो इमारती लकड़ी टूटेगी, उसका उपयोग केवल जलाने में ही किया जायेगा। इतना ही नहीं जो हजारो टन लोहा और सरिया और ईंटे इन टावरों को ध्वस्त करने से कबाड़ा बनेगी। उसको पिघलाकर सरिया बनाने और नयी ईंटे बनाने में जो कोयला खर्चा होगा उससे वातावरण में अनावश्यक रूप से प्रदूषण बढ़ेगा। इसके अलावा इनका मलवा सैकड़ो बीघा जमीन को बंजर बना देगा। याचिकाकर्ता हिन्दू संगठनों ने नये मुख्य न्यायधीश श्री उदय उमेश ललित से अनुरोध किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि इन टावरों को तोड़ने में ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण और जलीय प्रदूषण निर्धारित मात्रा के अंदर ही रहे। जोकि बारूद द्वारा किये जा रहे विस्फोट से बिल्कुल भी सम्भव नहीं है।नोएडा ध्वस्तीकरण वाले दिन 400 पुलिसकर्मी टावर के आसपास तैनात किए जाने की बात चल रही है। अंतिम समय में संख्या में बढ़ोतरी भी की जा सकती है। इससे पहले मौके पर 350 पुलिसकमिर्यों के तैनात रहने की बात कही गई थी। मगर गुरुवार को बैठक के बाद पुलिसकमिर्यों की तैनाती में बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा वशीकरण ध्वस्तीकरण वाले दिन डेढ़ सौ से दो सौ के बीच ट्रैफिक पुलिसकर्मी वहां तैनात रहेंगे। ट्रैफिक पुलिसकमिर्यों डायवर्जन पॉइंट पर तैनात किया जाएगा कुछ ट्रैफिक कमिर्यों को टावर के आसपास भी तैनात किया जाएगा। एक्सप्रेस वे के आसपास ट्रैफिक कर्मी तैनात रहेंगे। नोएडा के मुख्य अगिन्शमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया ट्विन टावर को ध्वस्त करने वाली कंपनी ने उनसे दो दमकल की गाडि़यों की मांग की थी। लेकिन अब इसे बढ़ाया जाएगा चार दमकल गाडि़यां वहां मौजूद रहेंगी। इसके अलावा 1 दर्जन से अधिक दमकल कर्मी तैनात रहेंगे। ब्लास्ट के दिन भारतीय व्यक्ति दबाएंगे ब्लास्ट बटन ट्विन टावर के अंतिम ब्लास्ट के दिन एक भारतीय और एक अफ्रीकी मिलकर ब्लास्ट के लिए बटन दबाएंगे। एडिफिस इंजीनियर के चेतन दत्ता और जेट डिमोलिशन के निदेशक जो ब्रिक्मैथ्स पॉइंट पर होंगे और ब्लास्ट को अंजाम देंगे। बताया जाता है कि नियम के अनुसार भारत में किसी भी ब्लास्ट को अंजाम देने के लिए ब्लास्ट बटन भारतीय व्यक्ति ही दबा सकता है। इसके अलावा ब्लास्ट साइड से 100 मीटर के अंदर कुल 10 लोग होंगे जो अलग-अलग पॉइंट पर मौजूद रहेंगे। एनडीआरएफ की टीम भी आज सोसाइटी का जायजा लिया। टीम ने एमरॉल कोर्ट सोसाइटी के निवासियों के साथ बातचीत की. सोसाइटी में जहां ज्यादा समस्या हो सकती है उस स्थान को चिन्हित किया और निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान टीम ने ग्राउंड जीरो रिपोर्ट और ध्वस्तीकरण के दिन पूरी प्रक्रिया समझा। वही 28 अगस्त को गिराए जाने वाले भवन ट्विन टावर के आसपास क्रैक गेज लगाए जा रहे हैं। इससे पता चलेगा कि कहां-कहां दरारें आई हैं। यह पहले से ही था या ब्लास्ट के बाद आई है। सीबीआरआई की टीम ने अध्ययन के लिए मोर्चा संभाल लिया है। अब टीम ब्लास्ट के बाद ही जाएगी। टीम की ओर यहाँ सेंसर, थर्मल, कैमरे आदि लगाए जा रहे हैं। आईआईटी चेनन्ई की टीम के आने की सूचना है। बृहस्पतिवार को बैठक में आसपास की इमारतों की मजबूती को लेकर मंथन किया गया। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पानी के छिड़काव के अलावा मशीनों से सफाई कराई जाएगी। मीडिया के लिए सेक्टर 128 फ्लाईओवर व्यू प्वाइंट होगा ब्लास्ट के बाद आसपास की इमारतों का होगा सरंचना ऑडिट ट्विन टावर को ढहाने के बाद आसपास की इमारतों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। ऐसे में ध्वस्तीकरण के बाद यहां लोगों का रहना सुरक्षित होगा या नहीं यह बड़ा सवाल है। जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर सुहास एल.वाई ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर ध्वस्तीकरण के बाद सभी इमारतों का संरचनात्मक ऑडिट कराने के लिए कहा है ताकि इमारतों को सुरक्षित होने का पता चल सके। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने इस पर अपनी सहमति दी है एवं एमरॉल कोर्ट और एटीएस विलेज के अति संवेदनशील क्षेत्र का संरचनात्मक ऑडिट होगा। सीईओ का कहना है कि टावर ढहाने के बाद यह पता चलेगा कि कहीं कोई नुकसान तो नहीं पहुंचा। इसके लिए पहले से ही वीडियोग्राफी कराई गई है। आरडब्लूयूए की ओर से इस बाबत चिंता जाहिर की जा चुकी है।

# सिर्फ पत्नी को मिल रही ICU में एंट्री


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** संक्रमण से बचने के लिए डॉक्टर्स ने उठाया यह कदमकॉमेडियन-अभिनेता राजू श्रीवास्तव का वर्तमान में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज चल रहा है। वह पिछले 19 दिनों से वेंटिलेटर पर हैं। हालांकि, उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। डॉक्टर की टीम उन्हें होश में लाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। राजू श्रीवास्तव के परिवार के सदस्य, प्रशंसक और सहयोगी लगातार उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।राजू श्रीवास्तव की सेहत में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर इसी तरह उनके स्वास्थ्य में सुधार आता रहा तो उन्हें जल्द ही होश आ जाएगा। राजू श्रीवास्तव के स्वास्थ्य की बात करें तो कॉमेडियन की हालत अब बेहतर है। उनके हाथ-पैर में



मूवमेंट शुरू हो गया है। हालांकि वह अब भी होश में नहीं आए हैं। इसी बीच परिवारवालें राजू को लेकर कोई अफवाह न फैलाए की अपील की है। राजू श्रीवास्तव की सलामती की कामना के साथ बनाए गए इस सॉन्ग को पांच हजार से ज्यादा लोगों द्वारा देखा जा चुका है वहीं यूजर्स एक के बाद एक अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। वीडियो में गायक राजू श्रीवास्तव की सलामती के लिए पूजा भी करते दिखाई दे रहे हैं। इस गाने को देखने के बाद यूजर्स गाने की तारीफ करने के साथ ही अपने चहेते राजू श्रीवास्तव उर्फ गजोधर भइया के जल्दी ही ठीक होने की प्रार्थना भी करते नजर आ रहे हैं। कॉमेडियन की सलामती के लिए एक गाना भी बनाया गया है।कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। बता दें कि ब्रेन में इंफेक्शन के बाद डॉक्टर्स ने वेंटिलेटर सपोर्ट पर ऑक्सीजन की मात्रा 60 फीसदी तक बढ़ा दी थी। हालांकि, अब इस मात्रा को धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डॉक्टर्स अब सिर्फ 40 फीसदी ऑक्सीजन बाहर से दे रहे है।

# सपना चौधरी का नया गाना 'लव यू गोरी रे' हुआ रिलीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** गांव की सीधी-सादी छोरी बन जीता फैंस का दिलहरियाणवी डांसिंग क्वीन सपना चौधरी जहां एक तरफ इन दिनों अपने कानूनी पचड़ों



के कारण चर्चाओं में हैं, वहीं दूसरी तरफ वह लगातार अपने नए-नए गाने रिलीज कर रही हैं। अक्सर अपने ठुमकों से सबका दिल जीतने वाली सपना की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है। डांसर के फैंस उनके गानों के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। देसी क्वीन सपना अपने फैंस के लिए आए दिन नए-नए गाने भी रिलीज करती रहती हैं, जिनमें उनका अलग-अलग अंदाज दर्शकों को देखने मिलता है। इसी क्रम में डांसिंग क्वीन ने अपने फैंस के लिए एक नया गाना 'लव यू गोरी' रिलीज कर दिया है, जिसमें सपना गांव की सीधी-सादी छोरी बन लोगों का दिल लूटती नजर आ रही हैं। सपना चौधरी को उनके ज्यादातर गानों में आपने जबरदस्त लटके झटके ही मारते देखा जाता है। पिछले दिनों रिलीज हुए गाने 'बंदूक का रिवाज' में भी सपना जहां बंदूकों की गोलियों पर ठुमके लगाती नजर आ रही थीं, वहीं अपने इस नए रिलीज हुए गाने में डांसर को गांव की छोरी के अवतार में देखा जा सकता है। सपना चौधरी अपने इस गाने में बेहद ही सिंपल लुक में नजर आ रही हैं। लेकिन हमेशा की तरह सपना सिंपल लुक में भी कमाल लग रही हैं।

# बेटा या बेटी में से क्या चाहती हैं बिपाशा बसु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** अभिनेत्री ने फैंस को बताई अपने दिल की बातबॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बसु ने कुछ समय पहले ही यह खुशखबरी फैंस को दी थी कि वह जल्द ही मां बनने वाली हैं। इन दिनों अभिनेत्री अपने उन्हें बेबी गर्ल हो। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिपाशा बसु ने कहा कि मैं और करण शुरू से क्लियर है और हम चाहते हैं कि हमारी एक प्यारी सी बेटी हो। हालांकि, बिपाशा ने ये भी कहा कि हम मेनिफेस्टेशन में विश्वास रखते हैं कि बेबी प्लानिंग में इतनी देरी क्यों कीष्ठ लेकिन, हम दोनों के लिए ही यह समय एकदम सही है। हम बहुत खुश हैं और मुझे लगता है ये तभी होना चाहिए जब हम तैयार हों।

इस इंटरव्यू में बिपाशा ने अपनी



प्रेगनेंसी पीरियड को एंजॉय कर रही हैं, जिसकी झलक तस्वीरों और वीडियो के जरिए वह फैंस को दिखाती रहती हैं। हाल ही में, बिपाशा बसु ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें अभिनेत्री ने अपने मदरहुड से लेकर आने वाले बच्चे के बारे में खुलकर बातचीत की है और बताया है कि वह बेटा और बेटी में से क्या चाहती हैं।

हाल ही में, बिपाशा बसु ने एक ऑनलाइन इंटरव्यू दिया, जिसमें बिपाशा ने खुलासा किया कि वह और करण उम्मीद कर रहे हैं कि और मुझे पता है कि बच्चा भगवान की ओर से प्यारा सा तोहफा है। हमें हर जेंडर को अपनाना चाहिए। लेकिन मुझे भरोसा है कि हमारी बेटी होगी। ये बात मुझे तब से पता है कि जब से हमने बेबी प्लानिंग की है।

बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर साल 2016 में शादी के बंधन में बंधे थे और अब बिपाशा पूरे छह साल बाद मां बन रही हैं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर लोगों का काम सिर्फ दूसरे लोगों को जज करना है। लोग कहते हैं प्रेगनेंसी का अनुभव भी लोगों के साथ साझा किया। अभिनेत्री ने बताया कि मैं फिजिकली बेशक एक्टिव नही हूं लेकिन मैं मेंटली पूरी तरह तैयार हूं। जब मैं बेबी प्लानिंग कर रही थी तब कई लोगों ने मुझे बताया कि क्या करना है और क्या नहीं करना। लेकिन मैं वही करती हूं जो मेरे बच्चे के लिए ठीक है। बेबी होने के बाद मैं काम में ज्यादा गैप नहीं लूंगी। मेरा मानना है कि एक औरत को इमोशनली और फाइनेंशियली दोनों तरह से मजबूत होना चाहिए।

# नेटफ्लिक्स ने किया पांच ओरिजनल फिल्मों का एलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** कहा- अब हर दिन होगा फिल्मीनेटफ्लिक्स अपनी 25वीं वर्षगांठ के मौके पर कई बेहतरीन सीरीज और फिल्मों की अनाउंसमेंट कर रहा है। जी हां, मुंबई में आयोजित 'फिल्म्स डेः अब हर दिन होगा फिल्मी' कार्यक्रम में नेटफ्लिक्स निर्देशक वासन बाला, राजकुमार राव, हुमा कुरैशी, राधिका आप्टे, सिकंदर खेर समेत अन्य कलाकारों ने 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' का फर्स्ट लुक जारी किया। 'फिल्म्स डेः अब हर दिन होगा फिल्मी' कार्यक्रम के दौरान रितेश देशमुख और तमनन भाटिया ने अपनी







इस साल रिलीज होने वाली तमाम सीरीज और शो के ट्रेलर रिलीज कर रहा है। यहां पढ़िए हर एक अपडेटकार्यक्रम की शुरुआत जोया अख्तर की आगामी फिल्म 'द आर्चीज' के म्यूजिक लॉन्च से हुई। 'द आर्चीज' के म्यूजिक मैनेजर अंकुर तिवारी ने ही कॉमिक बुक पर आधारित फिल्म का म्यूजिक लॉन्च किया है। कार्यक्रम के दौरान फिल्म 'प्लान ए प्लान बी' का ट्रेलर रिलीज किया। बता दें कि यह फिल्म मैचमेकर और तलाक करवाने वाले वकील की प्रेम कहानी है। फिल्म अगले महीने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। यामी गौतम, सनी कौशल और शरद केलकर की फिल्म 'चोर निकल के भागा' की अनाउंसमेंट बतौर नेटफ्लिक्स ओरजिनल की गई है।

# भारत की जीत के बाद टीवी के इस कलाकार ने उड़ाया पाकिस्तानियों का मजाक..........

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बोले- प्रिय पड़ोसियों एशिया कप में भारत का पहला ही मैच पाकिस्तान के खिलाफ था। पूरा देश इस मैच के लिए सुपर एक्साइटिड था और भारत की दमदार जीत के बाद सभी जश्न मना रहे हैं। चाहे देश का कोई आम आदमी हो या कोई नामचीन सेलेब, हर कोई बस पाकिस्तान पर मिली इस रोमांचकारी जीत की खुशी अपने-अपने तरीके से व्यक्त कर रहा है। जहां अभिनेत्री अनन्या पांडे और अभिनेता आयुष्मान खुराना ने शिखर धवन स्टाइल में जीत का जश्न मनाया, वहीं टीवी अभिनेता नकुल मेहता ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार ट्वीट किया है। पॉपुलर टेलीविजन एक्टर नकुल मेहता ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत को, पाकिस्तान पर मिली पांच विकेट से जीत के बाद पाकिस्तानियों के लिए ट्वीट कर एक खास संदेश जारी किया है। नकुल ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'प्रिय पड़ोसियों, कृपया उन टीवी सेटों को न तोड़ें! बल्कि मेरे टीवी शो का आनंद लें क्योंकि क्रिकेट में क्या ही रखा है।' नकुल मेहता ने क्रिकेट मैच में मिली हार के बाद पाकिस्तान निवासियों से चुटकी लेते हुए आग्रह किया है कि वह अपने टेलीविजन नहीं तोड़ें। बल्कि उस टीवी पर उनका शो 'बड़े अच्छे लगते



हैं' देखने का के लिए कहा है। कमाल की बात यह है कि नकुल मेहता के ट्वीट पर पाकिस्तान के लोगों के कमेंट भी आ रहे हैं। एक यूजर ने नकुल के द्वारा किए गए मजाक पर तंज कसते हुए जवाब दिया, 'कोई बात नहीं, हम वैसे भी आप लोगों से बेहतर कॉमेडी और अच्छे संगीत वाले पक्ष से हैं। बधाई हो।' इसके साथ ही एक यूजर ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर मजाक उड़ाते हुए लिखा, 'आधे मुल्क के साथ ही इकोनॉमी भी डूबी हुई है हम नया टीवी अफोर्ड नहीं कर सकते हम मीम्स से ही काम चला लेंगे।' इसके साथ ही एक यूजर ने नकुल के टीवी शो का मजाक उड़ाते हुए लिखा, 'अल्लाह करे आप थोड़ा और परेशान हों मिस्टर कपूर और आपकी और प्रिया की कभी सुलाह ना हो।' इन सभी के बीच नकुल के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता ने साल 2012 में स्टार प्लस के शो 'प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 'इश्कबाज' और 'दिल बोले ओबेरॉय' जैसे शो में अभिनय करते दिखाई दिए थे। अब इन दिनों नकुल सोनी टेलीविजन चैनल पर प्रसारित हो रहे सीरियल, 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' में राम कपूर की भूमिका निभा रहे हैं। इस सीरियल में उनके साथ दिशा परमार मुख्य किरदार में दिखाई दे रही हैं।

# रणबीर कपूर का 11 साल पुराना बयान हो रहा वायरल, 'ब्रह्मास्त्र' पर टूटेगा इसका कहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** रणबीर कपूर इन दिनों बायकॉट गैंग के निशाने पर हैं। उनकी पिछली फिल्म 'शमशेरा' को टिकट खिड़की पर बुरी तरीके से फ्लॉप का सामना करना पड़ा था। वहीं अब उनकी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' पर भी तलवार लटक रही है। सोशल मीडिया पर अभिनेता की फिल्म को लेकर फिर बायकॉट गैंग सक्रिय हो गया है। इस समय ट्विटर पर तेजी से बायकॉट ब्रह्मास्त्र ट्रेंड कर रहा है। यूजर्स रणबीर कपूर के पुराने-पुराने वीडियो खोदकर ला रहे हैं और उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। रणबीर कपूर का एक और वीडियो सामने आया है, जिसको लेकर दावा किया जा रहा है कि इसमें अभिनेता प्रतिबंधित मांस खाने की बात कर रहे हैं। रणबीर का ये वीडियो देखने के बाद नेटिजन्स का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है और वह फिल्म के बायकॉट करने की मांग करने लगे हैं। रणबीर का ये वीडियो साल 2011 का बताया जा रहा है, जिसमें एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता कह रहे हैं कि उन्हें रेड मीट मटन और पाया खाना काफी पसंद है। इसके अलावा वह ये भी कह रहे हैं कि उन्हें प्रतिबंधित मांस (बीफ) खाना भी काफी पसंद है। हालांकि अभिनेता के फैंस का कहना है कि ये वीडियो एडिट किया गया








है। वीडियो देखने के बाद नेटिजन्स बहुत भड़क गए हैं और ट्विटर पर जमकर बायकॉट ब्रह्मास्त्र ट्रेंड कर रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स एक तरफ अभिनेता की एसएस राजामौली के साथ खाना खाते हुए और दूसरी तरफ मांस खाते हुए तस्वीर साझा कर के उनको जमकर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- पब्लिसिटी के दौरान हाथ से खाना खाते हुए और आम दिनों में...। एक अन्य यूजर ने लिखा एसएस राजामौली को ऐसे अभिनेता के साथ देखना काफी दुख देता है, जो मीट खाता हो। वहीं एक ट्वीट और वायरल हो रहा है, जिसमें लिखा है कि सिर्फ स्टंट करते हैं। बॉलीवुड ही मेन स्ट्रीम है, जो साउथ के कल्चर को खत्म कर रहा है। बता दें कि ब्रह्मास्त्र का प्री रिलीज इवेंट 2 सितंबर को हैदराबाद में आयोजित होने जा रहा है। वहीं ये फिल्म 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में रणबीर के अलावा आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय भी नजर आने वाली हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर हैं। करण जौहर पर हमेशा से नेपोजिट्म को प्रमोट करने का आरोप लगा है, ऐसे में एक बड़ा तबका उनसे काफी ज्यादा नाराज है और करण की फिल्मों को बायकॉट कराने में जुटा है। अब देखना ये होगा कि कहीं रणबीर कपूर का ये प्रतिबंधित मांस वाला वीडियो ब्रह्मास्त्र के गले की फांस न बन जाए।

# खेल की दुनिया के धुरंधर रहे हैं ये फिल्मी सितारे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** कई बड़े नाम हैं लिस्ट में शामिलफिल्म इंडस्ट्री में तमाम कलाकार हैं, जिन्होंने अपने अभिनय की बदौलत अलग पहचान बनाई है। वह पर्दे पर कोई भी किरदार करें, उसमें पूरी तरह ढल जाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि एक्टिंग के साथ-साथ ये सितारे और भी कई प्रतिभाओं के धनी हैं। एक्टिंग, डांस और तक बंक कर देते थे। एक बातचीत के दौरान कार्तिक ने बताया था कि रियल मैड्रिड उनकी पसंदीदा टीम है। रणबीर कपूर के अभिनय और डांस के फैंस दीवाने हैं। इसके अलावा स्पोर्ट्स में भी उनकी रूचि रही है। फुटबॉल के प्रति उनकी दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। वह खुद भी कई बार इस बारे में बता चुके हैं। रणबीर ने जर्सी नंबर साकिब सलीम ने तो फिल्म 'ढिशूम' में भी क्रिकेटर का रोल प्ले किया था। मतलब अगर साकिब सलीम आज एक्टर नहीं होते तो वह पक्का एक क्रिकेटर होते। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को खेल का शौक विरासत में मिला। बैडमिंटन के दिग्गजों में से एक प्रकाश पादुकोण की बेटी होने के नाते खेल में दीपिका की भी शुरू से खूब दिलचस्पी रही







सिंगिंग के अलावा कई बॉलीवुड स्टार्स खेल में भी पूरी दिलचस्पी रखते हैं। आज नेशनल स्पोर्ट्स डे है। इस मौके पर हम आपको फिल्म इंडस्ट्री के कुछ ऐसे सितारों से रूबरू कराते हैं, जो खेल की दुनिया के भी धुरंधर रहे हैं। इस साल फिल्म 'भूल भुलैया 2' के जरिए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले कार्तिक आर्यन स्पोर्ट्स में भी अपना दमखम दिखा चुके हैं। वह 'ऑल स्टार्स फुटबॉल क्लब' का हिस्सा रहे हैं। कार्तिक के मुताबिक खेल के प्रति उनका प्यार स्कूल से शुरू हुआ था। उन्हें खेलों का इतना शौक था कि वह अपने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलने के लिए क्लास 8 को कूलर और फुटबॉल को एक हॉट स्पोर्ट के रूप में बनाया। अभिनेता ने अपनी टीम ऑल स्टार्स फुटबॉल क्लब के लिए कई फ्रेंडली मैच खेले हैं। रणबीर का फुटबॉल के प्रति बचपन से ही लगाव रहा है। वह स्कूल की फुटबॉल टीम का भी हिस्सा रहे। एक्टर साकिब सलीम के पसंदीदा स्पोर्ट्स की बात करें तो वह क्रिकेट के दीवाने हैं। स्कूल के दिनों से ही उनका क्रिकेटिंग कनेक्शन रहा है। एक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था कि वह हमेशा से क्रिकेटर बनना चाहते थे और जब वे 12 साल के थे, तब उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली के साथ क्रिकेट खेला था। बता दें कि है। वह राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी रही हैं। दीपिका के साथ फ्रेंडली मैच खेल चुकीं बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का मानना है कि उनका बैडमिंटन में अच्छा करियर होता। अभिनेत्री तापसी पन्नू हाल ही में महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज की बायोपिक में नजर आईं। तापसी इस फिल्म में मिताली राज का किरदार अदा करती नजर आईं। तापसी को भी स्पोर्ट्स में खूब रुचि है। उनके बारे में बहुत कम लोग ये बात जानते हैं कि स्क्वाश खेलने में वह काफी पारंगत हैं। स्क्वाश न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी फिट रहने का उनका तरीका है।

# रणवीर को दीपिका के साथ देखकर जलते हैं टाइगर करण जौहर को बताई सच्चाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर के चर्चित चैट शो 'कॉफी विद करण 7' में इस बार के मेहमान होंगे अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अभिनेत्री कृति सेनन। बता दें कि यह शो के इस सीजन का 9वां एपिसोड है। शो का प्रोमो जारी हो गया है, जो काफी मजेदार है। बता दें कि करण जौहर अपने शो में सेलेब्स की पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर सवाल पूछते हैं। वह अपने इस बार के मेहमानों से भी सवाल पूछते नजर आए। प्रोमो में इसकी झलक देखने पर्सनल सवाल पूछते नजर आएंगे। शो के दौरान करण जौहर कृति से उनके करियर पर बात करते नजर आए और एक्ट्रेस से उनके पहले ऑडिशन के बारे में पूछा कि उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया था? इस पर कृति ने जवाब दिया कि वह फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इय्यर' थी। इस फिल्म के लिए उन्होंने ऑडिशन दिया था। बता दें कि कृति सेनन ने टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म 'हीरोपंती' से डेब्यू किया था। शो के दौरान कृति सेनन ने यह भी साफ किया कि उन्होंने टाइगर श्रॉफ को डेट क्यों नहीं






को मिली है। करण जौहर शो में इस बार के गेस्ट टाइगर श्रॉफ से पूछते नजर आए हैं कि उन्हें एक्टर रणवीर सिंह की किस बात से ईर्ष्या है इस पर टाइगर ने तुरंत दीपिका पादुकोण का नाम लिया। इस पर करण जौहर हंस पड़े तो टाइगर ने कहा कि वो बहुत टैलेंटिड हैं। बहुत प्रिटी हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि करण जौहर इस बार शो में कृति सेनन से भी कई किया कृति ने कहा कि टाइगर बहुत ज्यादा फ्लिप होते हैं, इसलिए उन्होंने कभी एक्टर को डेट नहीं किया। बता दें कि यह शो आगामी बुधवार को रात 12 बजे डिजनी प्लस हॉट स्टार पर प्रसारित होगा। शो का प्रोमो करण जौहर ने अपने ट्विटर अकाउंट पर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'खूब सारी हीरोपंती, बातचीत और हंसी-मजाक'।

# अगले साल रिलीज होगी फिल्म 100प्रतिशत, जॉन अब्राहम और रितेश देशमुख के साथ लीड रोल में दिखेंगी शहनाज गिल और जॉन अब्राहम........

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** रितेश देशमुख, नोरा फतेही और शहनाज गिल की फिल्म 100 ज्ञ् की शूटिंग साल 2023 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। ये भी कहा जा रहा है कि ये करती है। भारतीय शादियों और जासूसों की दीवानगी की पृष्ठभूमि पर आधारित साजिद खान की यह फिल्म कॉमेडी और एक्शन से भरपूर है। अगले साल शुरू होगी शूटिंग जॉन अब्राहम, रितेश देशमुख, नोरा







फिल्म दीवाली 2023 में रिलीज किए जाने की भी उम्मीद है फिल्म निर्देशक भूषण कुमार और अमर बुटाला ने साजिद खान के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 100 के लिए हाथ मिलाया है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम, रितेश देशमुख, नोरा फतेही, और शहनाज गिल नजर आने वाले हैं। ये कॉमेडी से भरपूर एक पारिवारिक फिल्म है। ये फिल्म मनोरंजन से भरपूर होने का वादा फतेही और शहनाज गिल की फिल्म 100 ज्ञ् की शूटिंग साल 2023 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। ये भी कहा जा रहा है कि ये फिल्म दीवाली 2023 में रिलीज किए जाने की भी उम्मीद है। फिल्म 100ज्ञ् गुलशन कुमार और टी-सीरीज एसोसिएशन मीडिया प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। साजिद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अमर बुटाला ने प्रोड्यूस किया है।स्टारकास्ट के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में जॉन अब्राहम की फिल्म एक विलेन रिटर्न्स रिलीज हुई थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपर फ्लॉप रही।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः**- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।